तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 25.1 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 23 जून 2024

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]




जबड़ापारा में इन दिनों पानी की मारामारी है। टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है, लेकिन ये पर्याप्त नहीं है।

# 18 लाख का बिजली बिल जमा किए बिना भाग गया ठेकेदार

## रीपा योजना: पुरानी सिलाई मशीन को डंप कर 200 नई खरीद ली, कर्ज में डूब गईं महिलाएं

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

जिले के 4 विकासखंड में 8 जगहों पर महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) बनाया गया है जिसमें से अधिकांश की हालत खराब है। गनियारी सेंटर की ही बात करें तो यह ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए खोला गया था लेकिन इसे ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है। एक ठेकेदार ने इस सेंटर को तीन साल चलाया और 18 लाख रुपए का बिजली बिल जमा किए बिना भाग गया। महिलाओं के लिए पहले पैर वाले सिलाई मशीन लगाई गई थी। यह मशीन अच्छी चल रही थी इसे एक कमरे में डंप करते हुए लाखों रुपए की बिजली से चलने वाली नई 200 के करीब मशीन लाई गई है। पुरानी मशीनों का क्या होगा यह बताने वाला कोई नहीं है। इसके साथ ही फ्लाई ऐश ब्रिक्स पहले महिला समूह चला रहीं थी जिसे एक बिलासपुर के ठेकेदार के हवाले कर दिया गया। यह ठेकेदार शासन की जमीन पर, शासन द्वारा लगाई गई लाखों की मशीन का उपयोग करते हुए लाखों कमा रहा है और इन्हीं महिलाओं को मजदूरी पर रख लिया है। यही नहीं इस रीपा सेंटर में वर्क शेड निर्माण, एसएचजी शेड निर्माण, टसर रेलिंग का काम बंद पड़ा है। ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने जिले के 4 विकासखंडों में 8 रीपा सेंटर बनाए गए हैं। इस पर करीब 8 करोड़ रुपए खर्च भी किए गए हैं। इसमें बिल्हा विकासखंड के धौरामुड़ा, अकलतरी, कोटा विकासखंड के कंचनपुर, मंझगांव, मस्तूरी विकासखंड के परसदा वेद, बेलटुकरी और तखतपुर विकासखंड के गनियारी व बेलपान शामिल हैं। इनका संचालन महिला स्व सहायता समूहों द्वारा किया जाने की योजना थी लेकिन अब सभी काम राजनीति से जुड़े ठेकेदारों के हवाले कर दिया गया है।

अलग खबर



### महिलाओं द्वारा बनाए गए सामान की सप्लाई नहीं हो सकी, डंप होते चले गए सामान

### इस रीपा सेंटर में वर्क शेड निर्माण, एसएचजी शेड निर्माण, टसर रेलिंग का काम बंद पड़ा



रीपा के तहत गनियारी में खोला सेंटर अब बंद होने की कगार पर है।




टसर रेलिंग का काम भी बंद हो गया है।

### नई मशीनों की खरीदी में गड़बड़ी के आरोप

इस योजना के तहत गनियारी रीपा सेंटर में टसर रेलिंग यान, गारमेंट निर्माण और रेस्टोरेंट इकाई संचालित होनी है। इसमें से गारमेंट निर्माण के लिए बड़ा डोम बनाया गया है जिसमें करीब 70 महिलाएं कपड़ों की सिलाई कर रहीं हैं। इन्हें ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर 150 सिंगल और 10 डबल नीडिल वाली मशीनें दिखाईं दीं। गनियारी सरपंच जितेन्द्र राज इन सिलाई मशीनों की खरीदी में बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की है। सरपंच के मुताबिक पहले भी इसी काम के लिए लाखों रुपए खर्च करते हुए सिलाई मशीनें खरींदी गईं थीं। इन मशीनों से काम बेहतर हो रहा था लेकिन सिर्फ कमीशनखोरी के लिए इसे बेकार बताते हुए बिजली से चलने वाली 200 नई मशीनें खरीदी गईं हैं। इसमें भी आधी ही मशीन आई है। सेंटर में टसर रेलिंग यान बंद पड़ा है तो रेस्टोरेंट कुछ दिन पहले ही खोला गया। रेस्टोरेंट का संचालन महिला समूह द्वारा किया जा रहा है जिनका नाम सिर्फ कागजों में है। असल में पंचायत के कुछ पदाधिकारी इसे चला रहे हैं।

### काम लेकर कर्ज में डूब गईं महिलाएं

रीपा सेंटर शुरू होने के बाद इसके संचालन के लिए गनियारी पंचायत की महिला समूह को जिम्मेदारी दी गई। इन महिलाओं ने पेपर ब्लाक, तार फेंसिंग और फ्लाई ऐस ब्रिक्स का काम शुरू किया। इसके लिए महिलाओं ने बैंक से लोन भी लिया। करीब 8 महीना काम संभालने के बाद महिलाओं ने लेकिन हाथ खड़े कर दिया क्योंकि जिला पंचायत के अधिकारी महिलाओं द्वारा बनाए गए सामान की सप्लाई नहीं कर सके और बाजार उपलब्ध नहीं करा सके। सारा सामान डंप होता चला गया और और महिलाएं कर्ज में डूबती चलीं गईं। महिलाएं बैंक का कर्जा जैसे तैसे जमा कर रहीं हैं। इसके बाद इस काम को एक ठेकेदार के हवाले किया गया जिसके बाद से यह बंद पड़ा है।

### ठेकेदारों के हवाले कर दिया पूरे सेंटर को

अधिकारियों ने एक तरह से इस सेंटर को पूरी तरह ठेकेदारों के हवाले कर दिया है। बिलासपुर के एक ठेकेदार ने तीन साल तक इस सेंटर को चलाया और 18 लाख रुपए का बिजली बिल जमा किए बिना भाग गया। अधिकारी उस ठेकेदार से वसूली तक नहीं कर पा रहे हैं। इस ठेकेदार ने सेंटर में बने बड़े डोम, सिलाई मशीन, ऐस ब्रिक्श का भरपूर उपयोग किया। महिलाओं को उनके वेतन का भुगतान भी कम किया। अब यहां ऐस ब्रिक्श का राजनीति से जुड़े एक नेता ने ले लिया है। यहां महिला समूह की सदस्य ही मजदूरी कर रही हैं। एक हजार ईंट बनाने पर 450 रुपए मिलता है। यहां 8 महिलाएं काम करतीं दिखीं। इन महिलाओं ने बताया कि दिन भर में 4-5 हजार ईंट बना लेंती है और जो पैसे मिलते हैं उसे बांट लेंती हैं।

### नोटिस जारी किया गया

गनियारी सेंटर में कुछ काम बंद हो सकते हैं। इन्हें नोटिस जारी किया गया है। फ्लाईऐश ब्रिक्स का संचालन महिला समूह को ही दिया गया है। महिलाओं ने किसी और से अनुबंध कर लिया होगा तो इसकी जानकारी नहीं है। पता कराया जाएगा। नई के साथ पुरानी मशीनें चल रहीं हैं। बिजली बिल की बात करें तो यह रीपा सेंटर खुलने से पहले आजिविका मिशन का भुगतान बाकी है। गारमेंट सेंटर का संचालन डीएमएफ से किया जा रहा है।

- **रामेन्द्र गुर्जर,** प्रोजेक्ट मैनेजर, रीपा

## खबर संक्षेप

### पीपीटी और टीईटी की परीक्षा आज

**बिलासपुर।** सीजी व्यापमं द्वारा पीपीटी और सीजी टीईटी परीक्षा रविवार 23 जून को ली जाएगी। व्यापमं की वेबसाइट व्यापमं डॉट सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन से प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। पीपीटी परीक्षा पूर्वान्ह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे होगी। जिले में इसके लिए 17 सेंटर बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों की संख्या 12 हजार है।

### सीजीपीएससी मेंस कल से, 7 पेपर होंगे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सेवा की मुख्य परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी सीजीपीएससी की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in में जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यह परीक्षा 24 जून से शुरू होकर 27 जून तक होगी। परीक्षा दो-दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तक होगी, तो वहीं दूसरी पली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर और दुर्ग में परीक्ष केंद्र बनाए गए हैं। ज्ञात हो कि परीक्षा में इस बार 242 पदों पर भर्ती होगी। इसमें डिप्टी कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदार तक के पद शामिल हैं। मुख्य परीक्षा के लिए इस बार 3597 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। परीक्षा में कुल 7 पेपर होंगे।

### बैंक में बंधक फ्लैट को बेचने का झांसा

# सराफा व्यापारी से 18 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** बैंक में बंधक फ्लैट को बेचने का झांसा देकर सराफा व्यापारी से 18 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा निवासी सराफा व्यापारी दीपक सोनी पिता नंदलाल सोनी 33 साल के दुकान में उसलापुर श्याम रेसीडेंसी फेस 1 निवासी अभिषेक तिवारी पिता एनके तिवारी खरीददारी करने आता था। लंबे समय से दुकान में खरीददारी करने से उनके बीच घरेलू संबंध बन गए थे। उसके बाद अभिषेक उधारी में जेवर खरीदना शुरू कर किश्तों में भुगतान करने लगा। उधार की रकम बढ़ जाने पर श्री सोनी ने पैसा मांगा तो उसने अपने फ्लैट बेचने की बात कही और उससे उधार की रकम चुका देने का आश्वासन दिया। दोनों के बीच फ्लैट खरीदने का सौदा तय हो गया और श्री सोनी ने उसे 5 लाख 50 हजार एडवांस दे दिया। उसके बाद अलग अलग किस्तों में 18 लाख 50 हजार रुपए दे दिए। उसके बाद भी अभिषेक फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं करा रहा था। उन्होंने पतासाजी की तो जानकारी मिली उक्त फ्लैट बैंक में बंधक है और कुर्क कर नीलाम कर दिया है। श्री सोनी पैसा वापस मांगा तो वह टालमटोल करने लगा। उसके बाद पैसा लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने श्री सोनी की रिपोर्ट पर अभिषेक तिवारी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




# ग्राहक बनकर दुकान से सोने के जेवर चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राहक बनकर ज्वेलरी शाप से सोने के जेवर चोरी करने वाली तीन महिलाओं को पकड़ने में कोतवाली पुलिस को सफलता मिल गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शहर छोड़कर भाग रही महिलाओं को उसलापुर स्टेशन के पास गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से चोरी गए सोने के जेवर बरामद कर लिए गए हैं।

कोतवाली सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार ने बताया, 21 जून को सदर बाजार स्थित रितेश ज्वेलर्स में तीन महिलाएं जेवर खरीदने के बहाने गईं। दुकानदार को सोने के जेवर दिखाने में उलझाकर दो नग सोने के लाकेट चोरी कर वे बिना खरीददारी करे निकल गईं। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार ने जेवर की गिनती की तो दो सोने के लाकेट कम मिले। उन्होंने तत्काल चोरी की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जानकारी मिली कि तीनों महिलाएं उसलापुर रेलवे स्टेशन की ओर गई हैं। टीआई एसआर साहू, गोकुल जांगड़े सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने उसलापुर स्टेशन के पास घेराबंदी करते हुए अम्बिकापुर निवासी पुन्ती उर्फ कुन्ती गिरी गोस्वामी पति लोधी गिरी उर्फ नरेश 45 साल, सुक्ति देवी उर्फ गीता गोस्वामी पति तोषक गिरी गोस्वामी 42 साल, शिव कुमारी उर्फ पुटू देवी पति शिव कुमार गिरी गोस्वामी 30 साल को पकड़ लिया। महिलाओं को पुलिस थाने ले जाया गया, वहां पहले तो महिलाएं चोरी करने से इनकार कर रही थी। सख्ती बरतने पर तीनों महिलाओं ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उनके कब्जे से चोरी गए 2 सोने के लाकेट बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने धारा 380, 34 के तहत महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है।



कोतवाली थाने में गिरफ्तार तीनों महिलाएं।

### बाहरी गिरोह पर दूसरी बड़ी कार्रवाई

19 जून को सरकण्डा अशोकनगर डीएलएस कालेज के पास स्थित जवाहर प्रसाद सोनी की की बाइक से 15 लाख की ज्वेलरी की उठाईगीरी की गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को महज 8 घण्टे में नट गिरोह के 4 लोगों को पकड़कर जेवर बरामद कर लिया था। उसके बाद आज की कार्रवाई दूसरी बड़ी कार्रवाई है।



# झमाझम बारिश, शहर में ब्लैकआउट

**बिलासपुर।** शनिवार की सुबह से ही आसमान पर बदली छाई रही, लेकिन शाम तक बिना बरसे ही बादल लौटते रहे, वहीं रात में गरज चमक के साथ तेज बारिश शुरू हो गई, झमाझम बारिश से शहर की सड़कों पर पानी भर गया, वहीं पूरे शहर की बिजली बंद हो गई। लोग देर रात तक अंधेरे में ही रहे। मौसम वैज्ञानिकों ने संभावना जताई है कि अगले 24 से 48 घंटे में झमाझम बारिश का दौर एक बार फिर से शुरू होगा।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इन दिनों एक से अधिक सिस्टम सक्रिय है, जिससे बारिश की प्रबल संभावना बनी हुई है। उत्तर प्रदेश के आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती हवाओं का घेरा झारखंड और बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। इसके साथ ही ओडिशा में आंतरिक चक्रवाती घेरा बन चुका है, इसकी उंचाई समुद्र तल से 1.5 और 7.6 किमी के बीच है, जिसके चलते बारिश होने की प्रबल संभावना है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री दर्ज किया गया। इधर दिन में गर्मी और उमस के बाद रात में अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। गरज चमक के साथ हुई बारिश से गर्मी का प्रभाव कम हुआ, परन्तु लगभग पूरे शहर की बिजली बंद हो गई। दो घंटे से अधिक समय तक बिजली बंद रहने से लोग हलाकान हो गए। लोग व्यवस्था सुधरवाने के लिए विद्युत मंडल के अधिकारियों को फोन लगाते रहे, परन्तु देर रात सभी के फोन बंद हो गए। देर रात तक लोग अंधेरे में ही रहे।

### विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय स्तर पर विशेष लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगाई जाएगी। इसमें लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इस लोक अदालत के लिए सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित प्रकरण लंबित हैं। इसकी सूची में जिले के 20 से अधिक प्रकरणों को निराकरण के लिए चिह्नांकित किया गया है। विशेष लोक अदालत के अंतर्गत जिला एवं सत्र न्यायालय में प्री-सीटिंग की जाएगी। इसमें वरिष्ठतम न्यायाधीश दोनों पक्षों के बीच राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण का प्रयास करेंगे।







**खबर संक्षेप**

## बिलासा साहित्य मंच व दैवी संपद मंडल ने एयू के कुलपति का किया सम्मान



**बिलासपुर।** गोंडवाना की महारानी दुर्गावती पर उल्लेखनीय कार्य करने के लिए छत्तीसगढ़ बिलासा साहित्य मंच और दैवी संपद मंडल युवा समिति ने अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य दिवाकर नाथ बाजपेयी का सम्मान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बिलासा साहित्य मंच की ओर से व्ही.व्ही.रमणा किरण और दैवी संपद मंडल युवा सेवा समिति की तरफ से महेश बेनी गुप्ता और हर्ष द्विवेदी ने शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संपद मंडल के सुनील अग्रवाल, मंजीत गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने श्रुति तिवारी को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने श्रुति तिवारी को दी पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। उन्हें यह



उपाधि एन एनालिटिकल स्टडी आफ कार्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी विथ स्पेशल रेफेरेंस टू साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड बिलासपुर विषय में शोध करने पर दिया गया है। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय की डा. प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया है। श्रुति कैलाश नाथ तिवारी एवं सरोज तिवारी की पुत्री एवं राकेश द्विवेदी की पत्नी हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने किया वित्तीय शिक्षा पुस्तिका का विमोचन



**बिलासपुर।** समर्पित संस्था द्वारा संचालित जमाकर्ता शिक्षा व जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकाशित वित्तीय शिक्षा पुस्तिका का विमोचन सीएम विष्णुदेव साय ने किया। समर्पित संस्था के अध्यक्ष डा.संदीप शर्मा ने बताया कि आरबीआई ने बैंक से जुड़े उपभोक्ताओं के सामने आने वाली परेशानियों को देखते हुए जमाकर्ता शिक्षा और जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। जमाकर्ता अपने अधिकार और वित्तीय शिक्षा के प्रति अज्ञानता के कारण ही लगातार चिटफंड कंपनी, ऑन लाइन शॉपिंग, दूरभाष में एटीएम की जानकारी आदि माध्यमों से ठगी का शिकार हो रहा है।

### आईसीएआई बिलासपुर शाखा का राष्ट्रीय सम्मेलन 'आभास' प्रारंभ

# अपने संस्थान की उत्कृष्टता के लिए नाम निशान, नमक का रखें ख्याल : सीएमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपने कार्य व संस्था की उत्कृष्टता के लिए सभी पेशेवरों कर्मचारियों व व्यक्तियों को अपने संस्थान के नाम, निशान और उद्देश्य के अनुसार अपने पूर्ण समर्पण व दक्षता के साथ कार्य करना चाहिए। उससे मिलने वाले पारिश्रमिक का मान रखना चाहिए।

ये बातें एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने बिलासपुर सीए इकाई के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर कही। समारोह में जी. श्रीनिवास, सीए अभय छाजेड़ भी मौजूद थे। इस अवसर पर सीए राजेश मोदी ने नए कंपनी अधिनियम के अंतर्गत तैयार होने वाले वित्तीय विवरण एवं आडिट ट्रेल की जानकारी दी। जो कि अधिनियम 2013 में 1 अप्रैल 2023 से अनिवार्य है। इनका पालन न करने पर भी भारी जुर्माने का प्रावधान है। सीए रघुवीर सिंह पूनिया ने सीए के क्षेत्र में नए अवसरों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि




शनिवार को सीए इकाई के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अतिथि।

वर्तमान में एक सीए को किन सावधानियों का पालन करते हुए कार्य करना है। अपने क्लाइंटों से भी पालन करवाना है। दिल्ली के सीए अशोक बत्रा ने जीएसटी इनवर्टेड ड्यूटी व जीएसटी में रिफंड की प्रक्रिया के बारे में बताया। इससे यहां के स्थानीय व्यापारियों व उद्योगपतियों को इसका लाभ मिलेगा।

### इनकी रही उपस्थिति

दो दिवसीय इस कार्यशाला में सीए रामेन्द्र महेश्वरी, सुरेन्द्र अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, विनोद मित्तल, आनंद अग्रवाल, ओम मोदी, मनोज शुक्ला, रजत अग्रवाल, सत्यकाम आर्य, मंगलेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, सचेन्द्र जैन, मनीष सखुजा, आभास अग्रवाल, पंकज जाजोदिया, उदित सोनी, कमल बजाज, विवेक अग्रवाल सहित लगभग 500 सीए मौजूद थे।

# पुलिसकर्मियों ने जाना भौतिक साक्ष्य सुरक्षित रखने का तरीका

**बिलासपुर।** पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार बिलासपुर रेंज द्वारा पुलिस लाइन में 18 जून से 22 जून तक 5 दिवसीय रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें पुलिसकर्मियों को घटना स्थल का भौतिक साक्ष्य व फिंगरप्रिंट संग्रहण की जानकारी दी गई।

बिलासपुर रेंज के आईजी डा. संजीव शुक्ला के निर्देशन व एसपी रजनेश सिंह के नेतृत्व में रेंज के 187 पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा व डीएसपी लाइन मंजुलता केरकेट्टा नोडल अधिकारी थीं। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने बताया कि 1 जुलाई से पूरे देश में नया कानून लागू किया जा रहा है। उस क़ानून में प्रावधान के तहत 7 वर्ष या 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलो में न्याय दल (विवेचक, फोटो वीडियो, फिंगर प्रिंट



एक्सपर्ट आदी) गठन कर विशेष टीम से विवेचना करेंगे। घटना स्थल का भौतिक साक्ष्य संग्रहण कर न्यायालय में प्रस्तुत करेंगे। ताकि भौतिक साक्ष्य के आधार पर आरोप सिद्ध हो सके और दोषसिद्ध आरोपी और संदेही (पूर्व में किसी मामले में आरोपी है या नहीं) का फिंगरप्रिंट, फोटो, वीडियो आदि का डेटाबेस तैयार कर अपलोड कर संरक्षित किया जाएगा। जो घटना के विवेचना में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में रहेगी। प्रत्येक अपराध का उद्देश्य होता है, न्यायालय में उद्देश्य सिद्ध करने के लिए भौतिक साक्ष्य महत्वपूर्ण है। जिसे प्राथमिकता और सावधानी पूर्वक संग्रहण करने प्रशिक्षण दिया गया। रेंज व ज़िला में फिंगरप्रिंट, फोटो वीडियो ग्राफ़र की कमी के कारण थाना स्तर पर विवेचना करने थाना से 2-2 स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया।

### विवेचना में सभी तथ्यों को शामिल करें

प्रशिक्षण के लिए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट अजय साहू , अंजली मिंज, विनीता शर्मा को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया था। रेंज फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट विद्या जौहर व पीएचक्यू से टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया और नमूना घटना स्थल तैयार कर अभ्यास कराया गया की घटना स्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य संग्रहण करने का तरीक़ा बताया गया। विवेचना में सभी तथ्यों को शामिल कर न्यायलय तक प्रस्तुत करने और एनएएफआईएस में अपलोड करने का तरीक़ा बताया गया।

### बारीकी से जांच करने अफसरों ने दिए सुझाव

कार्यशाला में बिलासपुर रेंज के बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर, मुंगेली, सक्ति, सारंगढ़ बिलाईगढ़, गौरेला पेंड्रा मारवाही सहित कुल 187 कर्मचारी को अंतिम दिन प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने प्रमाण पत्र देकर सभी को अच्छी विवेचना करने का सुझाव दिए।

**मॉडल व ले-आउट प्लान को देखा**

# रेलवे जीएम ने कहा गुणवत्ता के साथ पूरा करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक सुश्री नीनु इटियेरा ने 22 जून को उसलापुर स्टेशन व विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया।

- **रेलवे महाप्रबंधक सुश्री इटियेरा ने किया उसलापुर स्टेशन का निरीक्षण**

इस अवसर पर प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता, मुख्य परियोजना अधिकारी (गति शक्ति), मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय सहित मंडल के अनेक शाखाधिकारी एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे। सुश्री इटियेरा ने उसलापुर स्टेशन में सबसे पहले अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पुनर्विकास कार्यों के मॉडल एवं ले-आउट प्लान को देखा। साथ ही संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं एवं पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने सभी प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज, पैनल रूम, चालक परिचालक लॉबी सहित पूरे स्टेशन का निरीक्षण किया। पैनल रूम में उन्होंने वहां कार्यरत कर्मचारियों से उनके कार्यप्रणाली, सुरक्षा संबंधी चर्चा की। यात्री ट्रेनों को समयबद्ध चलाने के निर्देश भी दिए। साथ ही रेल संरक्षा से जुड़े उपकरणों को भी देखा।

लॉबी निरीक्षण के दौरान उन्होंने चालक व परिचालकों से उनके कार्य के घंटे, कार्य के क्षेत्र, कार्यरत सेक्शन के संबंध में जानकारी ली। ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन करने उन्हें प्रोत्साहित किया। लोको पायलट से सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए उन्हें यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों के हित व उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रख रही है ताकि वे यात्रियों को सुरक्षित यात्रा करा सके।



निरीक्षण के दौरान अफसरों से चर्चा करती रेलवे महाप्रबंधक।

### सुधार व अपग्रेडेशन के दिए सुझाव

विद्युत लोको प्रशिक्षण केंद्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की प्रक्रियाओं, सुविधाओं और व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की । उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध सिमुलेटर और व्यावहारिक प्रशिक्षण उपकरणों बोगी पार्क, कपलिंग एवं ब्रेक मॉडल आदि का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने प्रशिक्षण केंद्र में और सुधार और अपग्रेडेशन के सुझाव दिए। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण भी किया।

**एजुकेशन प्लस**

# छग में तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के साथ अंकों के आधार पर प्रवेश दे सरकार

**बिलासपुर।** चौकसे महाविद्यालय समूह के एमडी डा. आशीष जायसवाल ने छग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। उन्होंने महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ में भी प्रवेश परीक्षा के साथ बारहवीं-स्नातक के अंकों के आधार पर प्रवेश देने की व्यवस्था लागू करने का अनुरोध किया।

- **चौकसे कालेज के समूह एमडी डा. आशीष जायसवाल ने की सीएम से सौजन्य भेंट**

उन्होंने राज्य तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य में तकनीकी पाठ्यक्रमों के स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सेस में प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही प्रवेश होता है। कुछ वर्षों पहले इन प्रवेश परीक्षाओं में न्यूनतम अंक अर्जित करने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया था। इसके बाद भी प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी के अभाव में बहुत से विद्यार्थी इसमें शामिल नहीं हो पाते। अभी हुई पीईटी, पीपीएचटी परीक्षा में 75 फीसदी अनुपस्थिति दर्ज की गई। कई विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा की बाध्यता के चलते इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं ले पाते। ऐसे विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में प्रवेश परीक्षा के साथ बारहवीं-स्नातक के अंकों के आधार पर प्रवेश देने की व्यवस्था लागू है। विद्यार्थियों की घटती संख्या के कारण छत्तीसगढ राज्य के कई तकनीकी महाविद्यालय बंद हो चुके हैं और कई बंद होने के कगार पर हैं। डा. जायसवाल ने मुख्यमंत्री से पड़ोसी राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के साथ ही बारहवीं - स्नातक के अंकों के आधार पर भी प्रवेश देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने इस पर विचार करने और समुचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।



### केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मिल प्रतिनिधिमंडल

इस विषय पर समूह के एक प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने श्री साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। चर्चा के दौरान समूह के प्रशासनिक अधिकारी डा. नितिन जैन ने उक्त समस्याओं पर केंद्रीय राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट करवाया। मंत्री श्री साहू ने इसे पूरी संवेदनशीलता के पूरा कराने का आश्वासन दिया।

## टैली एंड कंप्यूटर कोर्सेज के लिए ऑफर 30 तक

**बिलासपुर।** टैली के सबसे पुराने अधिकृत इंस्टीट्यूट सॉफ्ट कंप्यूटर्स में टैली एंड कंप्यूटर कोर्सेज के लिए 30 जून तक स्पेशल डिस्काउंट ऑफर चलाया जा रहा है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि आज युवाओं को स्किल बेस्ड एजुकेशन की जरुरत है।

नई एजुकेशन पालिसी भी इसी सोच पर आधारित है। टैली एक ऐसा ही कोर्स है जो जॉब पाने में भी हेल्प करता है। अगर बिज़नेस करना हो तो भी आवश्यक है। टैली भारत का सबसे पॉपुलर और ट्रस्टेड बिज़नेस अकाउंटिंग साफ्टवेयर है। जिसे छोटी बड़ी सभी कंपनियां उपयोग करती है। छोटे से लेकर मेट्रो शहर हर जगह उपयोग होता है। यह कम समय और कम फीस में होने वाला ऐसा कोर्स है जो रोजगार के असीमित अवसर खोल देता है। कैंडिडेट पार्ट टाइम या फुल टाइम अपने ही शहर में जॉब कर सकता है। टैली कॉमर्स के स्टूडेंट्स को अपने विषय को प्रैक्टिकली समझने में भी मदद करता है। लोग खाली समय में इसका सदुपयोग कर सकते हैं। टैली कंपनी ने ट्रेनिंग के लिए अथोराइज्ड टैली इंस्टीट्यूट ऑफ़ लर्निंग स्टार्ट किया है जहां विद्यार्थियों को टैली ट्रेनिंग की पूरी सुविधा मिलती है। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून है।

# गोविंद लाइफ केयर ने पुलिस कर्मियों का किया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग द्वारा चल रहे अभियान चेतना के तहत एवं श्री गोविंद इंस्टीट्यूट आफ लाइफ केयर हास्पिटल के तत्वावधान में पुलिस लाइन स्थित पुलिस हास्पिटल में 22 जून को एक दिवसीय मल्टी सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस कर्मी व उनके परिवार के लगभग 316 सदस्यों ने

- **श्री गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ लाइफ केयर हॉस्पिटल के सहयोग से शिविर का आयोजन**



उपचार कराया। बीमारी से बचने डाक्टरों ने आवश्यक सुझाव दिए।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस लाइन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पुलिस हॉस्पिटल में श्री गोविन्द इंस्टीट्यूट ऑफ़ लाइफ केयर हॉस्पिटल के सहयोग से 22 जून को आयोजित किया गया। जिसमें ज़िला के थाना, चौकी, यातायात, पुलिस लाइन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त पुलिस स्टाफ़, वायरलेस कार्यालय, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय और इनके परिवार के 316 से अधिक पुलिसकर्मी लाभान्वित हुए।

### इन अफसरों ने भी लिया स्वास्थ्य लाभ

शिविर में प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, डीएसपी लाइन मंजूलता केरकेट्टा, डीएसपी यातायात संजय साहू, डीएसपी अनीता प्रभा मिंज, डीएसपी अजाक डेहरा राम टंडन, रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार गुप्ता, निरीक्षक भारती मरकाम, निरीक्षक लक्ष्मी चौहान और पुलिस विभाग के 316 अधिकारी, कर्मचारी और पुलिस परिवार के महिला, बच्चों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।



बिलासपुर, रविवार 23 जून 2024

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




सुदर्शन प्रेरणा मंच का आयोजन

## शहर ने किया योगाभ्यास

### विवेकानंद उद्यान में पतंजलि योग समिति ने साधकों को कराया योग



**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग डे पर विवेकानंद उद्यान में एक्टिव लाफ्टर क्लब केंद्र, पतंजलि योग समिति, आनंद लाफ्टर क्लब केंद्र, श्री योग और हास्य क्लब के संयुक्त तत्वावधान में योग क्लास का आयोजन किया गया। इसमें योग आयोग के सदस्य योग शिक्षक रितु सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य रहने योग के कई आसनों का अभ्यास कराया। इसके प्रतिदिन करने से मनुष्य कई तरह की गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। योग को आत्मसात करने के लिए एवं प्रतिदिन करो योग, रहो निरोग का संदेश दिया। योग दिवस पर अतिथि पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल टाह, आयोग के पूर्व सदस्य रविंद्र सिंह, डा. होम चंदानी ने योग साधकों को बधाई दी। इस अवसर पर योग पदाधिकारी प्रकाश जोशी, रमेश दुआ, छेदीलाल सराफ, सुभाष सराफ, भरत ठाकुर, एक्टिव लाफ्टर क्लब के अध्यक्ष कृष्ण शर्मा, आशीष गोयल, संतोष ठाकुर, मनहर जी, प्रताप रंजन वर्मा, इंदिरा रमन सिंह, पप्पू आहूजा, मानस शुक्ला, डा. गणेश मिश्रा, उपेंद्र, अभिषेक साहू, भागीरथी साहू, अशोक साहू, रेखा अग्रवाल, शुभम,सविता पांडे, कविता, शकीला बेगम, अनु वहाने, अंजली ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद थे। मंच का संचालन रमेश दुआ ने किया तथा आभार सुभाष सराफ ने किया ।

### बंगाली समाज ने किया प्राणायाम



छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के सदस्यों ने बंगाली भवन तोरवा में योगाभ्यास किया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी में पल्लव धर, एके गांगुली, डॉ अनूप बिस्वास, पूर्ति धर, प्रोनोती बारीक, रखी गुहा, अरुंधति मुखर्जी, मनीषा सहा, रंजना सोनी, भाग्यलक्ष्मी, उर्वशी, वैशाली, मयूरी, बसंत पटेल, गजेंद्र निर्मलकर, अभिजीत बिस्वास, ए शर्मा आदि ने योग किया।

### सुधा बायो पावर में मना योग दिवस




सुधा बायो पावर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर में योग दिवस का कार्यक्रम रखा गया। इसमें प्लांट के जीएम एस वी राजू ने योग का महत्व बताया और स्वस्थ रहने के लिए इसे दिनचर्या में शामिल करने कहा।

### पूर्व सैनिकों ने किया योग




पूर्व सैनिकों ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। सैनिक कल्याण कार्यालय में योग समारोह का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया कराई गई। योग का जीवन में महत्व बताया गया। योग का संपूर्ण फायदा तभी होगा जब नियमित रूप से इसे किया जाए।

### साइंस कॉलेज में लोगों ने किया योग



योग एसोसिएशन द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में योग दिवस मनाया गया । सुबह 6 बजे साइंस ग्राउंड में योगाचार्य- ममता साहू ,सुशील देवांगन, फहीम मंसूरी ने योग के कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर रविना प्रजापति,दिनेश तिवारी,मिथिला ध्रुव,ममता पटेल,आरती सिंह,भूमिका मधुकर, वैशाली शर्मा, जयचंद पैकरा, पूजा गुप्ता, मीमांशा चन्द्र, कौशल शर्मा, अंजलि ठाकुर, सादिक सिद्दिकी, आशिका श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

### ओपीएस में मना योग दिवस



ओशियन पब्लिक के तबाधान में "योगा दिवस " बड़े धूमधाम से मनाया गया। गीतांजलि सिटी फेस - 2 के स्कूल मैदान में समस्त कॉलोनीवासियों को आमंत्रित कर स्कूली बच्चे, स्टॉफ के साथ बुजुर्गों ने उमंग व उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान 'करें योग- रहे निरोग' 'स्वस्थ रहो, मस्त रहो' के नारों से परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर भस्त्रिका, अनुलोम - विलोम, कपालभति,वज्रासन, शवासन, मण्डूकआसन, शीर्षासन, मेडिटेशन, सूर्यनमस्कार, लाफ़्टर क्लासेस के साथ - साथ जूम्बा भी कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्राचार्य श्रीमती ममता श्रीवास, बीएल श्रीवास, ओशोधारा प्राचार्य नलिनी दर्शन एवं स्कूल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

## भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति विषय पर व्याख्यान

# परिवार के अंदर विकसित हो राष्ट्र प्रथम होने का भाव : रामदत्त

भारत में विशिष्ट कुटुम्ब व्यवस्था है, अन्य देशों में यह बहुत ही कम देखने को मिलती है। यहां जीवन दृष्टि, जीवन मूल्य, विकसित हुआ है। इसकी शुरूआत परिवार से हुई है। राष्ट्र प्रथम होने का भाव भी परिवार के अंदर विकसित होना चाहिए। परिवार एक कर लो तो देश एक हो जाएगा। परिवार खड़ा होगा तो देश खड़ा होगा। परिवार प्रबोधन का विषय सदैव हमारे परिवार में चर्चा का विषय होना चाहिए। आज संत कबीर का जन्मदिन भी है, उनके आदर्शों और मूल्यों का हमें पालन करना चाहिए।



**बिलासपुर।** ये बातें राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के छग. सह सरकार्यवाह एवं मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर ने रविवार को बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय सभागार में सुदर्शन प्रेरणा मंच द्वारा भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति विषय पर आयोजित व्याख्यान माला में कही। उन्होंने कहा कि भारत को जो भी देखने आए उन्हें यहां के लोग बड़े प्रामाणिक व चरित्रवान लगे। लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था कि वे भारत के कोने-कोने में घूमे हैं, पर उन्हें वहां कोई भिखारी व चोर नहीं मिला। इस तरह दुनिया के लोगों ने भारत के समाज, जीवन का दर्शन किया, इसका कारण मूल्य आधारित व्यवस्था एवं संयुक्त परिवार रहा है। यही भारत की परिवार व्यवस्था की शक्ति है। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला के अंदर माता का रूप देखना भारत की विशेषता है। उन्होंने माता सीता, शिवाजी, विवेकानंद का जीवन, आशुतोष व जयप्रकाश नारायण के अपनी मां के प्रति सम्मान के भाव एवं भारतीय सेनाओं का उदाहरण देते हुए बताया कि भारत का चिंतन, दर्शन विशिष्ट रहा है। सेवा, श्रद्धा का भाव, बड़े-बुजुर्गों एवं गुरुजनों का सम्मान करना भारत का मूल्य है। अतिथियों का सत्कार भी हमारा मूल्य, हमारे संस्कार हैं, पर इसे बरकरार रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परोपकार करना पुण्य है। अपने देश में परिवार के सदस्यों के अंदर सेवा व संवेदना का भाव था, इसलिए भारत जगत गुरु था। उन्होंने संत कबीर का उदाहरण देते हुए कहा कि कबीर के जीवन में सदैव वैराग्य कायम था, इसलिए उनके चेहरे पर तेज रहता था। सुदर्शनजी भी हमेशा परिवार प्रबोधन की बात लोगों को समझाया करते थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन प्रफुल्ल शर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ ललित माखीजा, संदीप गुप्ता, सौमित्र गुप्ता, राजीव अग्रवाल, उचित सूद, सुधांशु मिश्रा, माधव मिश्रा का सहयोग रहा।



### प्रेम, सांमजस्य है परिवार की शक्ति

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। परिवार में आपस में प्रेम, सांमजस्य का भाव परिवार की शक्ति है।

### सप्ताह में हो सामूहिक भजन

**मुख्य वक्ता ने पांच संकल्पों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परिवार में सप्ताह में एक दिन सामूहिक भजन व भोजन हो। अच्छी बातों पर चर्चा कर विचारों का आदान-प्रदान करें। इससे परिवार प्रबोधन का काम शुरू हो जाएगा।**

- छूआछूत को तिलांजलि दें। बड़े-बड़े महामुनि किसी भी जाति या परिवार में उत्पन्न हुए पर उनकी ख्याति उनके कर्मों के आधार पर हुई। साल में एक बार छोटे-छोटे कार्य करने वालों को अपने घर सम्मान से भोजन पर बुलाएं।
- तीसरा संकल्प पर्यावरण है। उन्होंने कहा कि कोई भी प्राणी आक्सीजन के बिना नहीं रह सकता है। आक्सीजन पेड़-पौधे देते हैं। जीवित रहना है, सृष्टि चलानी है तो पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। साल भर में कम से कम 10 पेड़ लगाकर उसे बड़ा करें।
- चौथे संकल्प जागृति पर कहा कि मानसिक गुलामी का बोध को छोड़ दें। अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर करें। आमंत्रण पत्र मातृभाषा में छपवाएं। मातृभाषा का जानना भी आवश्यक है। अपना खानपान, वेशभूषा, संस्कृति को संजो कर रखें। अपनी मातृभाषा का उपयोग अधिकाधिक करें।
- एक नागरिक का बोध ,पांचवें संकल्प एक नागरिक का बोध विषय पर कहा कि देश के जितने भी कानून, अनुशासन हैं, उसका पालन करें। यातायात नियमों का पालन, राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान है ऐसे अनेक विषय हैं, जिसका पालन हो। समय पर टैक्स दें। इसी तरह की छोटे-छोटे संकल्प लेकर जाएं।

### मां को निभानी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्य वक्ता श्री चक्रधर ने कहा कि परिवार एक कर लिया तो देश एक हो जाएगा। परिवार के मूल्यों को कायम रखना है तो घर में मां को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि माता कौशल्या का परिचय भगवान राम की मां, माता यशोदा का भगवान श्रीकृष्ण, जीजा माता की शिवाजी, सुभद्रा की अभिमन्यू व माता कुंती का परिचय पांडवों की मां के रूप में है। संस्कारों को बचाकर रखने में मां की ही भूमिका होगी। उन्होंने विवेकानंद व उनकी मां के एक संवाद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को दिशा देनी पड़ती है। जो मां ही कर सकती है। ऐसे मूल्यों की शुरूआत परिवार से ही होगी और यह शुरूआत हम सभी को अपने घर से ही करनी पड़ेगी। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को दीपक की तरह संकल्प लेना होगा।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में नगर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, अटल बिहारी बाजपेई विश्विद्यालय के कुलपति एडीएन बाजपेई, सुंदर लाल शर्मा विश्वद्यालय के कुलपति बंश गोपाल सिंह, डॉ विनोद तिवारी, डा ओम माखीजा, प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन, विभाग संघ चालक, जिला संघ चालक, नगर संघ चालक , जिला कार्यवाह, नगर कार्यवाह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी, समस्त अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता ,मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी, एबीवीपी के युवा कार्यकर्ता सहित पूरे छत्तीसगढ़ से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## संत माता की मासिक वरसी पर सुखमणि साहिब का पाठ

बिलासपुर। सिंधी कॉलोनी स्थित धन-धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग साहब दरबार में संत माता अद्दी अम्मा की मीठी याद में मासिक वर्सी मनाई गई। इस अवसर पर संगत द्वारा सुखमणि साहिब का पाठ एवं बबन भाई साहब द्वारा गुरबाणी, कीर्तन कर साथ संगत को निहाल किया गया। इस अवसर पर सेवादार डॉ हेमंत कलवानी ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि कोई भी भक्त अद्दी अम्मा की वर्सी उत्सव पर पांच मोमबत्ती उनके फोटो के समझ श्रद्धा पूर्वक प्रज्ज्वलित करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम के समापन पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। भाई साहब बलवीर सिंह ने विश्व कल्याण के लिए अरदास की। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनू लालचंदानी, डा. हेमंत कलवानी, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, प्रकाश जज्ञासी, हरिकिशन गंगवानी नानक पंजवानी, राजकुमार कलवानी, राजू धामेचा, जगदीश सुखीजा, रमेश नरवानी नरेश मेहरचंदनी, भोजराज नरवानी, मेघराज नारा, अशोक, जगदीश जज्ञासी, सुरेश माधवानी, अशोक मतलानी, विकास बजाज, अनिता नारवानी, पलक हर्जपाल, कंचन रोहरा, पलक मखीजा, राखी लदनानी, वर्षा सुखीजा, कशिश जेसवानी, गंगाराम सुखीजा, बलराम रामानी, रमेश भागवानी, डा. हुंदलदास सोमनानी, मुरली कुकरेजा, अविनाश हिंदूजा एवं अन्य दरबार साहिब के सेवादारों का सहयोग रहा।



धन-धन गुरु नानक दरबार में हुआ आयोजन

## स्त्री सत्संग ने मनाया गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश परब



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद बिलासपुर में स्त्री सत्संग दयालबंद धन-धन गुरु हरगोबिंद सिंह साहिब का प्रकाश परब बहुत ही प्यार एवं उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सुबह से ही बिलासपुर और आसपास के क्षेत्र से संगत का आरंभ हो गया था। सुबह के दीवान में समाप्ति के बाद समूह साध संगत द्वारा अपने घरों से तैयार किया हुआ मिस्सी रोटी, अचार और लस्सी का लंगर समूह साध संगत में बरताया गया। प्रकाश पूरब के लिए गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर मे शाम को विशेष दीवान सजाया गया, जिसमें दिल्ली से इस कार्यक्रम के लिए विशेष रुप पधारे भाई साहब भाई जसपाल सिंह, हुजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर भाई प्रताप सिंह एवं गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद सभा दयालबंद के हेड ग्रंथि ज्ञानी मान सिंह जी विशेष रूप से हाजिरी भरी।



## कबीर जयंती पर प्रवचन, सत्संग

### सत्यनाम साहेब बंदगी साहेब की संध्या बेला पर जलाए गए दीप

**बिलासपुर।** कबीर जयंती पर सत्यनाम साहेब बंदगी साहेब की संध्या बेला में दीप प्रज्जवलित किया गया। महंत लीला दास, दीपचंद दास ने प्रवचन व सत्संग किया।

इस मौके पर महंत लीलादास, महंत दीपचंद, दीवान अमरु दास, दीवान जनक दास, सेवक दास, पुनि दास, बिसाहू दास, रामेश्वर बुनकर, नरेश दास, सुशील माई, द्रोपति बुनकर, विमला दास, जेडी मानिकपुरी सहित समिति के सदस्य एवं मोहल्लेवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने उपस्थित समाज के लोगों को जयंती पर्व की बधाई दी एवं संत कबीर के बताए मार्ग पर चलने की बात कही। विशिष्ट अतिथि अरविंद बाजपेई ने भी अपने विचार रखे।

---

## बीमार होने से मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद

# महाप्रभु का कराया गया 108 कलश जल से स्नान

**कार्नर न्यूज**

रेल्वे स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में जेष्ठ पूर्णिमा पर 22 जून रविवार को को महाप्रभु का 108 कलश जल, गंगाजल व पंचामृत से स्नान कराया गया। इससे महाप्रभु बीमार हो जाने से मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद हो गया है। 15 दिन बाद मंदिर का छह जुलाई को पट खुलने पर महाप्रभु का दर्शन होगा। इस दिन को नेत्रोत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

### उड़ीसा के कारीगर कर रहे रथ तैयार

बिलासपुर में निकलने वाली रथ को पुरी उड़ीसा के कारीगर तैयार कर रहे हैं। सरई की लकड़ी से तैयार इस रथ की लंबाई 16 फीट, ऊंचाई 17 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। इसी भव्य रथ से महाप्रभु जगन्नाथ भक्तों को दर्शन देने हर साल निकलते हैं।



**बिलासपुर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के उत्कल समाज द्वारा रथयात्रा उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रथ को आकर्षक रूप देने का काम शीघ्र शुरू हो गया है। रथ की लकड़ियों की पूजा की जा चुकी है। उड़िया समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि जेष्ठ पूर्णिमा पर रविवार को महाप्रभु जगन्नाथ को 108 कलश जल, गंगाजल व पंचामृत से स्नान कराया गया। स्नान के बाद महाप्रभु बीमार हो गए हैं। मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिया गया है। मंदिर के पट बंद होने के बाद महाप्रभु को मंदिर के पुजारी गोविंद पाणीग्राही द्वारा सोमवार 23 जून सेजड़ी-बूटी का काढ़ा दिया जाएगा। उनके ठीक होने पर 6 जुलाई को मंदिर का पट खुलेगा। इस दिन श्रद्धालु भक्तों को महाप्रभु के दर्शन का इंतजार रहेगा। उनका पहला दर्शन पाने सुबह 9 बजे से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी। इस दिन सुबह साढ़े 9 से साढ़े 10 बजे तक महाप्रभु की विशेष पूजा होगी। भगवान भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद 7 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस बार गुण्डिचा यात्रा में छेरापहरा की रस्म उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। ज्ञात हो कि रेल्वे क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ मंदिर की स्थापना 26 नवंबर वर्ष 96 को हुई थी। स्थापना के बाद एक बार मंदिर में स्थापित प्रतिमाएं बदली जा चुकी है। आयोजन का यह 28 वां साल होगा।



### रथ खींचने श्रद्धालुओं के बीच रहेगी होड़

गुण्डिचा यात्रा के दिन छेरापहरा के बाद रथ को खींचने श्रद्धालुओं के बीच होड़ लग जाएगी। फिर भगवान अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हुए अपने मौसी मां के घर चले जाएंगे। यहां वे पूरे 9 दिन रहेंगे। इस बीच उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सुबह उन्हें विविध तरह के भोग अर्पित किए जाएंगे। महाप्रभु के रहते तक मौसी मां के घर खुशी का माहौल रहेगा। 15 जुलाई को बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। इस दिन भगवान पुनः श्रीमंदिर पहुंच जाएंगे।

### बदले जाएंगे झण्डे

श्री जगन्नाथ पूजा समिति के सलाहकार श्री बेहरा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ को पीला रंग, बलभद्र को हरा और सुभद्रा को लाल रंग पसंद है, इसलिए रथयात्रा के समय इन्हीं रंगों के कपड़े रथ में लगाए जाएंगे। कारीगरों द्वारा रथ की पेंटिंग, रंग-रोगन कर झण्डे भी बदले जाएंगे। फूलों से सजाए जाएंगे। इस तरह रथ को एकदम नए रूप में तैयार कर रथयात्रा निकाली जाएगी।

### इनका मिल रहा सहयोग

उत्सव को सफल बनाने जगन्नाथ पूजा समिति के अध्यक्ष एमके सुबुद्धि, सचिव डी नायक, कोषाध्यक्ष आरके पात्रा, एसके षड़ंगी, बीके पंडा, डीपी नायक, सीमांचल, राजेंद्र, बसंत कुमार बेहरा, चिंटू दास सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।



# 'पिल' से ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार रितेश..

**मुंबई।** रितेश देशमुख फिल्मों के अलावा अब वेब सीरीज की दुनिया में भी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। वे अब अपने ओटीटी डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज 'पिल' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। राज कुमार गुप्ता इस आगामी सीरीज के निर्देशक हैं। अभिनेता ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के साथ वेब सीरीज का आधिकारिक एलान किया। सीरीज के पोस्टर के साथ इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया गया है। रिलीज की तारीख की घोषणा के अलावा स्ट्रीमिंग प्लटफॉर्म ने सीरीज से अभिनेता का पहला लुक भी जारी कर दिया है। यह सीरीज 12 जुलाई से जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।



लाइफ Style

# सारा
## 'अंबानी ने हमें रोटी के साथ सोना परोसा'

सारा अली खान ने जामनगर में हुए अंबानी की पार्टी के बारे में खुलासा किया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने मार्च में अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग पार्टी को याद किया और मजाक में कहा, 'वे सोना परोसते थे। जैसे हम रोटी के साथ सोना खाते थे। और हर जगह हीरे थे।'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा ने फिर स्पष्ट किया, 'यह एक बहुत अच्छा, प्यारा और मेहमाननवाज कार्यक्रम था। मैं अनंत के साथ स्कूल गई हूं। मैंने राधिका को बड़े होते हुए देखा गया है। मुझे लगता है कि पूरा अंबानी परिवार बहुत अच्छे से स्वागत करने वालों में से हैं और नीता मैडम धीरूभाई अंबानी स्कूल में मेरी चेयरपर्सन थीं।' सारा ने कहा, तीन दिवसीय कार्यक्रम के सबसे यादगार हिस्से को याद करते हुए, कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे यादगार पल वह था, जब मैंने अनंत और राधिका को देखा। कागज पर हस्ताक्षर करना और एक-दूसरे को प्यार से देखना। उन्होंने आगे कहा, यह बहुत मजेदार था, यही कारण है कि मैं आपको विशेष पलों के बारे में बता रही हूं। हर किसी ने इसे एक अलग रूप में देखा, प्रत्येक अभिनेता ने क्या पहना है, इसकी समीक्षा की। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'जब नीता मैम ने अनंत के लिए अपना भरतनाट्यम प्रदर्शन किया। डांस के दौरान उनकी आंखों में ममता देखने को मिला। मैं ग्रीन रिट्रीट नामक स्थान पर रह रही थी। वहां सबके लिए कॉफी थी। इसलिए मैं खूब कॉफी पी रही थी, लेकिन मैं ज्यादा नहीं खा रहा था क्योंकि मुझे प्रमोशन का हिस्सा बनना था और अच्छा दिखना था।'

हॉलीवुड मसाला



## लांच किया पहला मुफ्त फास्ट चैनल

**लॉस एंजिलिस।** बानीजे राइट्स ने 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' को समर्पित एक फास्ट चैनल लॉन्च किया है। यह पहली बार दुनिया भर में मुफ्त विज्ञापन-समर्थित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित ब्रांड का विस्तार करता है। इस 24/7 फास्ट चैनल (फ्री एड-सपोर्टेड टेलीविजन) का शीर्षक मिस्टर बीन है। इस पर 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' के पहले तीन सीजन शामिल होंगे। यह सैमसंग टीवी प्लस, एलजी, प्लेक्स, राकुटेन टीवी और टीसीएल पर 29 क्षेत्रों में उपलब्ध होगा।



## ब्रैड 61 की उम्र में फिर बनना चाहते हैं पिता

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट 61 साल के हैं और उनके 6 बच्चे हैं पर दोबारा पिता बनना चाहते हैं। ब्रैड पिट चाहते हैं कि वह और उनकी गर्लफ्रेंड आइन्स और बच्चों के पैरेंट्स बनें। ब्रैड पिट और एंजेलिना के तलाक के बाद से उनके बच्चों के साथ रिश्ते बिगड़ गए। मालूम हो कि 61 वर्षीय स्टार ब्रैड पिट के बच्चों की उम्र 15 से लेकर 22 साल के बीच है। लेकिन साल 2019 में एंजेलिना जॉली संग तलाक के बाद से ही बच्चों और उनके बीच टेंशन चल रही है। दोनों बेटों पैक्स और मैडॉक्स के साथ उनका खूब विवाद हुआ और रिश्ते खराब हो गए। सोर्स के मुताबिक, एंजेलिना जॉली के साथ बिगड़े रिश्तों और विवाद के कारण ब्रैड पिट जूलरी डिजाइनर आइन्स के करीब आ गए। एंजेलिना और उनका तलाक साल 2019 में हुआ था, जबकि शादी 2014 में की थी। इससे पहले ब्रैड पिट की शादी 2000 में एक्ट्रेस जेनिफर एनिस्टन से हुई थी, पर 2005 में उनसे तलाक हो गया था।



# आलोचना करने वालों से पूछे सवाल...

**मुंबई।** कंगना रणौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट लिखकर साझा किया है। इसमें उन्होंने ताकतवर महिलाओं के प्रति पुरुषों के नजरिए पर बात की है। कंगना का कहना है कि अपने आसपास सक्षम और पावरफुल महिलाओं को देख पुरुष एक धारणा बनाकर चलते हैं। इस कड़ी में उन्होंने चार सवाल पूछे हैं। कंगना ने पहला सवाल पूछा है, 'क्या हम महिलाओं से हमेशा विनम्र होने की उम्मीद करते हैं? दूसरा सवाल किया है, 'अगर महिलाएं अपनी भावनाओं से ऊपर उठकर कुछ फैसले लेने में सक्षम है तो क्या हम उन्हें जज करते हैं? तीसरा सवाल है, 'क्या यह भी सच है कि अगर किसी महिला का बाहरी रूप या व्यवहार कठोर है तो पुरुष उससे प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देते हैं, लेकिन यदि वह सहज है तो वे उसमें अवसर तलाशने लगते हैं। क्या ऐसा है कि अगर कोई महिला ऐसी स्थिति में अपनी पावर का इस्तेमाल करे तो उसके पुरुष कर्मचारी भी इसे व्यक्तिगत रूप से लेने लगते हैं और हारने वालों की तरह व्यवहार करते हैं'?



# पहली ही फिल्म में छा गए जुनैद

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' शुक्रवार 21 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म पहले 14 जून को रिलीज होनी थी, लेकिन गुजरात हाईकोर्ट की रोक के बाद रिलीज नहीं हो पाई। शुक्रवार को कोर्ट ने हरी झंडी दे दी और साथ ही कहा कि इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में जुनैद खान के अलावा जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी वाघ आदि कलाकार भी हैं। फिल्म धर्म के ठेकेदार बने एक अधर्मी बाबा पर बनी है, जिसकी पोल एक पत्रकार करसनदास मुलजी ने खोली। जुनैद पत्रकार करसनदास की भूमिका में हैं। फिल्म देखने के बाद दर्शक जुनैद के अभिनय की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पहली ही फिल्म से जुनैद ने दिल जीत लिया है। यूजर्स कह रह हैं, 'जुनैद की नेचुरल एक्टिंग ने फिल्म को और दिलचस्प बना दिया है'। एक यूजर ने कहा है, 'जर्नलिस्ट के रोल में जुनैद खान ने क्या ही कमाल का काम किया है। यह उनकी डेब्यू फिल्म है और जादुई है'।

# ट्विंकल खन्ना ने की बॉबी देओल के काम की सराहना...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने लंबे समय के बाद जब पर्दे पर वापसी की तो सभी को हैरान कर दिया। अभिनेता ने अपने अभिनय और कौशल के दम पर खूब सराहना बटोरी। अब उनके काम की तारीफ अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने की है। दरअसल, ट्विंकल खन्ना ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 1995 में आई फिल्म 'बरसात' से किया था। ट्विंकल ने बॉबी के साथ हाल ही में मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने अपनी दो तस्वीरें पोस्ट की और लिखा कि वह बॉबी देओल के प्रदर्शन से रोमांचित हैं। अभिनेत्री से लेखिका बनी ट्विंकल खन्ना ने बॉबी देओल के साथ अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज और कल, सिर्फ पिंकी मौसी ही उनकी प्रशंसक नहीं हैं, उन्हें अच्छा करते हुए देखकर मैं भी काफी रोमांचित हूं। पुरानी यादों का स्वाद मीठा होता है। एक-दूसरे से मिलकर मजा आया कि हम पहले कैसे हुआ करते थे। आपको ये देखकर क्या याद आता है और क्यों? मुझे कमेंट में बताएं।' बता दें कि बॉबी देओल और अक्षय कुमार अच्छे दोस्त हैं और उन्होंने 'अजनबी', 'थैंक यू' और 'हाउसफुल 4' जैसी कई फिल्में साथ में की है। बॉबी देओल ने रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से शानदार वापसी की। उनकी अदाकारी ने लोगों को हिला के रख दिया। इससे पहले उन्हें वेब सीरीज 'आश्रम' में देखा गया था, वहां भी उनके किरदार को काफी सराहा गया था।



## बिग बॉस में आते ही छलका रणवीर का दर्द

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में अभिनेता रणवीर शौरी ने भी एंट्री मारी है। रणवीर बॉलीवुड में करीब 25 साल से काम कर रहे हैं। ऐसे में शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें वो अपने डूबते करियर को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। शिवानी रणवीर से पूछती हैं कि वो कौन हैं और क्या काम करते हैं। शिवानी की बात सुनकर रणवीर को न ही बुरा लगा न गुस्सा आया। इसके बाद रणवीर शौरी ने शिवानी कुमारी से अपना दर्द बयां किया।


**संशोधन**

नोट-पूर्व में मेरे द्वारा दिनांक 21.06.2024 को जो आम सूचना प्रकाशित की गयी थी, जिसमें खसरा नं. 422/2 के जगह चौहद्दी में 426/2 लिख दिय गया था, जिसे सही करते हुए खसरा नंबर 422/2 पढ़ा व लिखा जावे।
सो सूचना जाने।
दिनांक 21.06.2024
मुख्तयार खास
विरेन्द्र कुमार पहाड़ी (अधिवक्ता)
निवासी कस्तुरबा नगर, थाना सिविल लाईन, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9827983077

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**उद्घोषणा**
प्रकरण क्रं. /अ-6/23-24
पक्षकार- श्रीमति विपनेश्वरी सिंह पति रघुराज प्रताप सिंह निवासी औराबांधा पोस्ट पुरान, तह. व जिला मुंगेली छ.ग. ..... आवेदक
विरूद्ध
श्री रामकुमार सोनकर पिता तिलकराम सोनकर साकिन महाराणा प्रताप वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ..... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला शिवाजी वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति विपनेश्वरी सिंह पति रघुराज प्रताप सिंह, निवासी ग्राम औराबांधा, पोस्ट पुरान तह. व जिला मुंगेली छ.ग. स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली शिवाजी वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं. 31, प्लाट नं. 3/22 शामिल नं. 4/22 रकबा 427.47 व.मी. मे से क्षेत्रफल 230 व.मी. पर पंजीकृत बैनामा के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
तः एवं मोहल्ला शिवाजी वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 26/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा।
ईश्तहार आज दिनांक 11.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 07/06/2024
प्रति, 1. आवेदक गजेन्द्र प्रसाद साहू पिता प्रेमलाल साहू आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. शिवांजली 3. कमल किशोर पाटनवार 4. सतीश तिवारी सा. लिंगियाडीह 5. राजेन्द्र राठौर सा. लिंगियाडीह एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 16/04/2024
ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 53/82 रकबा 0.007 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक गजेन्द्र प्रसाद साहू निवासी बिरकोना के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 25/06/2024 को समय 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**
क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 07/06/2024
प्रति, 1. आवेदक कमल किशोर पाटनवार पिता ठाकुर प्रसाद पाटनवार आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. शिवांजली 3. डॉ. सान्याल 4. गजेन्द्र प्रसाद साहू 5. सतीश तिवारी सा. लिंगियाडीह एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।
विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह./ना.तह./वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 16/04/2024
ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 53/30 रकबा 0.007 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक कमल किशोर पाटनवार निवासी जबड़ापारा रोड नया सरकण्डा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 25/06/2024 को समय 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
राजस्व निरीक्षक
मोपका

**नाम परिवर्तन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम गायत्री राठौर (GAYATRI RATHORE) उम्र 23 वर्ष, पिता महेश (MAHESH) अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम खुशबु (KHUSHBU) पिता महेश (MAHESH) निवासी/पता-वार्ड नंबर 28 कतियापारा उदई चौक जूना बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन 495001 रख ली हूँ अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम खुशबु (KHUSHBU) पिता महेश (MAHESH) के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।
खुशबु
शपथकर्ता

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना-पत्र**
क्रमांक/क/सीमांकन / रा.नि./2024
जूना बिलासपुर दिनांक 21/06/2024
प्रति, 1. (आवेदक) अर्जुन पटेल पि पुसऊराम 2. नारायण प्रसाद, गणेश प्रसाद पि सखाराम 3. भुनेश्वर पि.रामलाल 4. उमाशंकर पि. 5. अंजोरी पि रामगुलाल 6.गुहाराम पि गीताराम 7 सरस्वती पति कैलाश पटेल
विषय :- सीमांकन के समय स्थल पर उपस्थित रहने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय अति / नायब तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन कमांक /क/तह. /ना. तह./वा./2024 बिलासपुर दि. 22.03.24
विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक अर्जुन पटेल पिता/पति ....... निवासी तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 218/1, 219/1, 218/3, 219/3, 218/2, 219/2 रकबा 0.113, 0.223 .0.109 भूमि का छ. ग.भू. रा. संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किए जाने हेतु न्यायालय अति./नायब तहसीलदार बिलासपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24-06-2024 को समय 12.00 बजे से 5.30 बजे के मध्य किया जाना है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अत: आपको सूचित किया जाता है कि उक्त नियत तिथि को समय पर स्थल पर भूमि संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी।
टीप आवेदक सीमां चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।
राजस्व निरीक्षक, जूना बिलासपुर
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय माननीय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी श्री निकसन डेविड लकड़ा)
**नोटिस/समंस**
उत्तराधिकार प्र.क्र.- 27/2024
आदेश दिनांक- 10/05/2024
पेशी तारीख - 27/07/2024
प्रो.क. - 44
सविता सोनी वगैरह .......आवेदिकागण
विरूद्ध
क्षितिज कुमार सोनी वगैरह..अनावेदकगण
बनाम :- आम जनता (जिनका संबंध हो)
आवेदकगण द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 27/07/2024 को दिन 11:00 बजे उत्तर देने के लिये नियत किया गया है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 11/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
(निकसन डेविड लकड़ा)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
बिलासपुर (छ. ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**उद्घोषणा**
प्रकरण क्रं. /अ-6/23-24
पक्षकार- श्रीमति हेमनंदनी सिंह पति रघुवीर प्रताप सिंह निवासी मंगला बिलासपुर, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. ..... आवेदक
विरूद्ध
श्री रामकुमार सोनकर पिता तिलकराम सोनकर साकिन महाराणा प्रताप वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.) ..... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम/मोहल्ला शिवाजी वार्ड मुंगेली, जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति हेमनंदनी सिंह पति रघुवीर प्रताप सिंह, निवासी गीतांजली पार्क महर्षि स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्वतः उपस्थित होकर नगर मुंगेली शिवाजी वार्ड स्थित नजूल भूमि शीट नं. 31, प्लाट नं. 3/22 शामिल नं. 4/22 रकबा 427.47 व.मी. मे से क्षेत्रफल 286 व.मी. पर पंजीकृत बैनामा के आधार पर नजूल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किए जाने बाबत् इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः एवं मोहल्ला शिवाजी वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली स्थित उपरोक्त नजूल भूमि के संबंध में नामांतरण प्रकरण विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 26/06/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा/आपत्ति विचारणीय नही होगा।
ईश्तहार आज दिनांक 11.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र.638 /अ-6-अ/2023-24
ग्राम-उस्लापुर तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती पुष्पा वर्मा, पति राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, निवासी उस्लापुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम उस्लापुर प.ह.नं. 60 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 466 का टू (अब 466 /2) ब्लॉक नंबर 01, शीट नंबर 13, प्लाट नंबर 02 क्षेत्रफल 2160 वर्गफीट भूमि के संबंध त्रुटिसुधार हेतु आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर को प्रस्तुत किया गया है जो इस कार्यालय में जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27/06/24 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।
आज दिनांक 06/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार
सकरी

**CHANGE OF NAME**
It is informed to the General Public that I Ku. Paridhi Vipin Kumar Tiwari D/o Mr. Vipin Kumar Tiwari Resident of Bungalow No.-05 , Aadinath Parisar , New Ganga Nagar Phase - 02, Opp.- City 36 Mall ,Mangala Chowk ,Bilaspur (C.G.) 495001 have change her Old name now I should be recognized by New Name Ku. Paridhi Tiwari in all Govt. ,Semi Govt, & Other Documents .
Ku. Paridhi Tiwari ,
Address : Bungalow No.-05 , Aadinath Parisar , New Ganga Nagar Phase -02, Opp.- City 36 Mall Mangala Chowk Bilaspur (C.G.) 95001

**नाम परिवर्तन सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम कु परीधी विपिन कुमार तिवारी था जिसे बदल कर नया नाम कु परीधी तिवारी, पिता का नाम श्री विपिन कुमार तिवारी, रख लिया गया है। जिसका निवासी बंगला नम्बर -05- आदीनाथ परिसर, न्यूगंगा नगर फेस -02, सिटी -36 मॉल के पीछे, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 पर है।
अतः भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम कु परीधी तिवारी, पिता का नाम श्री विपिन कुमार तिवारी के नाम से जाना जाए।
शपथकर्ता
कु. परीधी तिवारी,
पता बंगला नम्बर -05 आदीनाथ परिसर, न्यूगंगा नगर फेस-02, सिटी 36 मॉल के पीछे, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**न्यायालय तहसीलदार बेलगहना जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
// ईस्तहार //
पक्षकार :- निशांत जैन (मेसर्स बाहुबली कंस्ट्रक्शन बिलासपुर)........आवेदक
विरुद्ध
छत्तीसगढ़ शासन................अनावेदक
राजस्व प्रकरण क्रमांक अ59/2023-24
ग्राम सिलपहरी, दिनांक 14.06.2024
एतत द्वारा आम जनता ग्राम सिलपहरी, तहसील बेलगहना, जिला-बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री निशांत जैन (मेसर्स बाहुबली कंस्ट्रक्शन बिलासपुर) निवासी सिद्ध शिखर ए-207 विस्तार अपार्टमेन्ट रिंगरोड शांतिनगर बिलासपुर द्वारा ग्राम सिलपहरी, पटवारी हल्का नंबर 07 स्थित आवेदित भूमि खसरा नंबर 164 रकबा 0.202 हे., खसरा नंबर 165 रकबा 0.129 हे., खसरा नंबर 186 रकबा 0.057 हे., खसरा नंबर 187/1 रकबा 7.709 हे. में से 2.612 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेखों में शासकीय (घांस) भूमि है, जिसको गौण खनिज डोलोमाईट अस्थाई उत्खनिपट्टा स्वीकृति हेतु निस्तार पत्रक से पृथक किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो, वह नियत तिथि 28.06.2024 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है सुनवाई के दिनांक के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर सील द्वारा जारी किया जाता है।
तहसीलदार
बेलगहना, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 2-एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
// ईश्तहार //
क्रमांक/Q/अ.तह. / वा. / 2024
बिलासपुर, दिनांक 14/06/2024
ग्राम जरहाभाठा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है ग्राम जरहाभाठा प.ह.न. 38 तहसील बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा EWS के लिए श्री प्रभु दास सोमनानी आ. स्व राधामल सोमनानी निवासी सिंधी कॉलोनी जरहाभाठा द्वारा अपने पायल सोमनानी के लिए आवेदन किया गया।
यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 01/07/24 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनाँक 14/06/2024 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

22-JUN-REGNOL--pg-5-COMMON_Layout 1 6/22/2024 11:58 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल बरेला में एफएलएन प्रशिक्षण



**जरहागांव।** शासकीय हाई स्कूल बरेला में द्वितीय चरण के एफएलएन प्रशिक्षण जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली सीके घृतलहरे, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा मुंगेली, विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी मुंगेली के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के अंतिम दिन अशोक कुमार कश्यप एपीसी मुंगेली ने शिक्षकों को हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने प्रेरित किया। यूके शर्मा एपीसी मुंगेली ने शिक्षकों को नियमित उपस्थिति एवं बच्चों को लिए गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए प्रेरित किय। सूर्यकांत उपाध्याय बीआरसी मुंगेली ने एफएलएन के उद्देश्य को बताते हुए एक अच्छे शिक्षक के दायित्वों पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में राम यादव, गौकरण डिंडोले, गनेश कुमार गुप्ता, चंद्रशेखर उपाध्याय, ब्रजेश्वर मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद साहू, अभिताभ शर्मा, गजपाल साहू, रविकांत पूरी गोस्वामी, उमेश कुमार कश्यप, मनोज कुमार साहू, ज्वाला प्रसाद साहू, शत्रुघ्न साहू, नैन दास बंजारे, खिरेंद्र साहू, प्रवीण कुमार मिश्रा, विजय कुमार निर्मलकर, महेंद्र कुमार पोर्ते, संजय कुमार जायसवाल, ज्योतिष शर्मा, रामकुमार सारथी, गौरव पांडेय, प्रकाश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### सीएसआर महाविद्यालय पीपरतराई में योग दिवस पर आयोजन



**करगी रोड कोटा।** सीएसआर महाविद्यालय पीपरतराई में योग दिवस पर शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारी, छात्र, छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवक व ग्रामीण योग के विभिन्न आसनों और ध्यान के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए जुटे। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से एक स्वस्थ शरीर में खुशहाल जीवन शैली को बढ़ावा देना था। ‡स्वयं और समाज के लिए योग‡ महाविद्यालय की पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. जूही चौहान ने छात्रों को योग के लिए प्रोत्साहित किया। संचालन डॉ. यामिनी जायसवाल ने किया।

### कलेक्टोरेट में बाढ़ नियंत्रण कक्ष किया गया स्थापित

**मुंगेली।** जिले में वर्षा ऋतु में बाढ़ एवं आपदा जैसी स्थिति निर्मित होने पर कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 116 में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में तहसील कार्यालयों में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्षों से जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएगा। बाढ़ नियंत्रण के लिए आवश्यक सामाग्री जिला सेनानी के पास उपलब्ध कराई गई है।

## निधन

### सियाराम साहू



**बिलासपुर।** बिरकोना निवासी सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी सियाराम साहू का 21 जून को निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बिरकोना में किया गया। वे पूर्व सरपंच स्व. लखनलाल साहू, स्व. शोभाराम , स्व. श्यामझूल साहू, सीताराम, पूर्व जनपद सदस्य लोमश साहू के भाई व विष्णु कुमार और रामनारायण साहू के पिता थे।

### उषाबाला सिन्हा



**बिलासपुर।** हेमूनगर निवासी दर्रीघाट स्कूल की व्याख्याता श्रीमती उषा बाला सिन्हा का शुक्रवार 22 जून को निधन हो गया । उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे अंजनीकांत सिंह की पत्नी व आकाश सिन्हा की मां थीं।

### श्रीमती निर्मला शुक्ला



**मुंगेली।** बड़ा बाजार सुभाष वार्ड निवासी छोटे लाल शुक्ला की पत्नी श्रीमती निर्मला शुक्ला का 22 जून को निधन हो गया। वे पार्षद रोहित शुक्ला, सनी शुक्ला की मां थी। वे अपने पीछे दो पुत्र व पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार 23 जून को प्रातः 9 बजे खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## सांसद तोखन का केंद्रीय राज्य मंत्री बनना प्रदेश की जनता के लिए गर्व का विषय : कौशिक

# प्रदेश के विकास कार्य में आएगी तेजी: तोखन



मंत्री तोखन साहू का स्वागत करते पूर्व विस अध्यक्ष धरमलाल कौशिक व अन्य।



मंत्री का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/बिल्हा

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के नेतृत्त्व में बिल्हा में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री साहू ने कहा कि मेरे गांव के लोगों ने पंच बनाया फिर सरपंच, जनपद सदस्य और फिर मुझे लोरमी विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया और जीत कर पहली बार विधायक बना। उस समय तत्कालीन डॉ. रमन सिंह सरकार ने मुझे पहली बार संसदीय सचिव बनाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिलासपुर लोकसभा से टिकट दिया और आज जनता ने मुझे चुनकर सांसद बनाया। भगवान और आप सब सभी लोगों की कृपा है कि पहली बार के सांसद को पीएम मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर राज्य मंत्री बनाया है। मैं केंद्रीय मंत्री होने के नाते पूरे छत्तीसगढ़ की सेवा करूंगा। उन्होंने जीत के लिए बिलासपुर और छत्तीसगढ़ की जनता का आभार व्यक्त किया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ समेत देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। हम सब मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि तोखन साहू को शहरी राज्य विकास विभाग मिला है। राज्य बनने के बाद पहली बार प्रदेश के किसी सांसद को यह विभाग मिला है। प्रदेश को यह विभाग मिलने से केंद्र से नगरीय निकायों के भरपूर राशि मिलेगी। विकास के कार्यों में तेजी भी आएगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, कैलाश ठाकुर, बलराम देवांगन, सोमेश तिवारी, पेंगन वर्मा, अंबालिका साहू, पुनिता डहरिया, नरेन्द्र वर्मा, रामू साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

■ बिल्हा में मंत्री तोखन साहू के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## मस्तूरी के विकास में नहीं होगी कोई कमी

**सीपत।** भाजपा वास्तव में कार्यकर्ताओं की पार्टी है। ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की ताकत से ही देश के 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और बिलासपुर के इतिहास में पहली बार केंद्र में मंत्री बनाकर आप लोगों की सेवा करने मुझे भेजा है।

उक्त वक्तव्य बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री भारत सरकार का दायित्व मिलने के बाद मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के गतौरा में आयोजित अभिनंदन समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि 43 से 45 डिग्री तापमान में आप लोगों ने मुझे जिताने घर-घर जाकर वोट मांगा है। यही कारण है कि बिलासपुर लोकसभा के सभी 8 में से 8 विधानसभा में जीत हासिल कर पार्टी में इतिहास रच दिया है। कार्यकर्ताओं की मांग पर कहा की किन्हीं परिस्थितियों में मस्तूरी विधानसभा में हमारा विधायक नहीं है ऐसे में भाजपा के विधायक विहीन विधानसभा का मैं विशेष ख्याल रखूंगा।

इस दौरान प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्य समिति सदस्य दिलेन्द्र कौशिल, सीपत मंडल अध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, राजकुमार सिंह महामंत्री अभिलेश यादव, राजेन्द्र राठौर, रामनारायण भारद्वाज, धीरेंद्र दुबे, सोनू तिवारी, यदुराम साहू, तामेश्वर सिंह कौशिक, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामनारायण राठौर, लक्ष्मी साहू, अशोक सिंह, नरेंद्र वस्त्रकार, संतोष मिश्रा, आशीष बांकरे, तुषार चंद्राकर, ललित यादव व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## जादू टोना के शक में वृद्धा की हत्या, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जीपीएम।** जादू टोना के शक में वृद्धा की फरसा मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी कोटवार ने अपना जुर्म कुबुल कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 19 जून की रात 9 बजे गौरेला पुलिस को सूचना मिली थी कि जिले के ग्राम भस्कुरा व कोदोरास के मध्य पुलिया के समीप एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। मृत महिला की शिनाख्तगी मुन्नीबाई मरावी उम्र 60 वर्ष ग्राम भस्कुरा के रूप में की गई। जिसके बाद प्रारंभिक पंचनामा और पीएम कार्रवाई, फोरेंसिक निरीक्षण के साथ ही साइबर सेल को भी डिटेक्शन में लगाया गया। घटनास्थल से मिले साक्ष्य के आधार पर साइबर सेल की टीम ने जब टेक्निकल एनालिसिस किया तो कोटवार की भूमिका संदिग्ध परिलक्षित हुई। पुलिस को पता चला कि घटना के कुछ दिन पूर्व मृत महिला का चिकनीटोला निवासी कृष्णा उर्फ बब्बू मरावी से विवाद हुआ था। जब बब्बू की मां कंवरिया बाई के कोटवार विरासू लाल पड़वार से संबंधों का पता चला तो सारी कड़ियां जुड़ती नजर आई। जिस आधार पर कोटवार विरासुलाल को हिरासत में लेकर पूछे जाने पर अपना जुर्म कबूलते हुए घटना का वृतांत बताया। इसके बाद कंवरिया बाई मरावी को गिरफ्तार किया गया। कोटवार कृष्णा उर्फ बब्बू मरावी को ग्राम करंजी के जंगलों से हिरासत में लिया गया। आरोपी बब्बू ने स्वयं अपने व अपनी मां पर मुन्नीबाई द्वारा जादू टोना करने के शक में यह घटना किया जाना बताया। कोटवार विरासुलाल मृतिका मुन्नी बाई को वन अधिकार पट्टा में नंबर सुधरवाने के बहाने बुला रहा था। आरोपी कृष्णा उर्फ बब्बू मरावी मृतिका के घर के पास ताक लगाकर बैठा था। मुन्नीबाई शाम 4 बजे कोटवार से मिलने निकली। आरोपी कृष्णा फरसा लेकर उसके पीछे निकल गया। जिसके बाद मौका पाकर आरोपी ने कोदोरास के पास मुन्नीबाई को अकेला पाकर फरसा से ताबड़तोड़ हमले कर मार डाला और जंगल के रास्ते भाग निकला। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फरसा जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## सदगुरु कबीर साहब के 627 वें प्राकट्य दिवस पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा



**करगी रोड कोटा।** सदगुरु कबीर साहब के 627 वां प्राकट्य दिवस पर शोभायात्रा नगर में निकाली गई। जिसके मुख्य अतिथि प्रबल प्रताप जूदेव संगठन मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़, अध्यक्षता तुलसी कौशिक निज सहायक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने सदगुरु कबीर साहेब के जीवनी में प्रकाश डाला और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में वेंकट लाल अग्रवाल जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, रंगनादम पूर्व मंडल अध्यक्ष, अमृता प्रदीप कौशिक नगर पंचायत अध्यक्ष, सुषमा सिंह प्रदेश कार्य समिति सदस्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अमरनाथ साहू पार्षद, उषा गोस्वामी पार्षद, बाबा गोस्वामी विधि प्रकोष्ठ, नंदू सिंधी, संजू यादव पूर्व पार्षद, जीतू बंजारे, विश्राम रजक प्रदेश अध्यक्ष रजक समाज, कैलाश गुप्ता, विकास सिंह, अंबिका मानिकपुरी अध्यक्ष मानिकपुरी समाज, शंभू दास मनिकपुरी, अरुण मानिकपुरी, शीतल मानिकपुरी, पूर्णिमा मानिकपुरी, भगवान दास मानिकपुरी, आदित्य मानिकपुरी, आदि मानिकपुरी कबीरपंथी सुधाचारी आमीन माता सेवा समिति व समाज के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे 1

## अरपा भैंसाझार परियोजना के डूबान क्षेत्र उमरमरा के 24 ग्रामीणों को मिला आवास



**करगीरोड कोटा।** अरपा भैंसाझार परियोजना के उमरमरा के डूबान क्षेत्र उमरमरा के 24 ग्रामीणों को मिला आवास कोटा एसडीएम ने अधिकार पत्र सौंपा।

जल संसाधन संभाग कोटा के अरपा भैसाझार बैराज परियोजना अंतर्गत जोगीपुर के नवापारा -उमरमरा के पुनर्वास व विस्थापन में 30 मकान उमरमरा क्षेत्र के विस्थापितों को कोटा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने अरपा भैसाझार परियोजना के डूबान क्षेत्र के विस्थापित हितग्राहियों अधिकार पत्र सौंपा। कोटा तहसीलदार प्रजांल मिश्रा, रतनपुर तहसीलदार अकाश गुप्ता, कोटा जलसंसाधन एसडीओ रामेश्वर प्रसाद साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपक रजक, सब इंजीनियर अकाश अहिरवार, रजत जयसवाल, ग्राम पंचायत जोगीपुर सरपंच प्रतिनिधि कमल, महादेव ग्वाल इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अरपा भैसाझार परियोजना के डूबान क्षेत्र उमरमरा विस्थापित हितग्राहियों में प्रमोद कुमार गोड़, रामकुमार पटेल, ईतवार पटेल, राधेश्याम पटेल, सुखनमती, सीताराम पटेल, सुकदेव पटेल, जगदेव पटेल, जागेश पटेल, रघु पटेल, भास्कर पटेल, मीराबाई पटेल, भगतराम पटेल, परदेशनीन पटेल आदि शामिल है।

## परिसीमन व अन्य मुद्दे को लेकर नगर कार्यालय में कांग्रेस की हुई बैठक




**तखतपुर।** नगर कांग्रेस की परिसीमन व अन्य मुद्दे को लेकर नगर कार्यलय में बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस जनों ने कहा कि वार्ड परिसीमन हो रहा है तो वार्ड की संख्या बढ़ाया जाए। हमेशा वार्ड का नाम और क्रमांक बदलने से वार्डवासी को तकलीफों का सामना करना पड़ता है। आधार कार्ड राशन कार्ड में पता स्थान भी बदलवाना पड़ता है। वही पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़ ने कहा कि भाजपा द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत छत्तीसगढ़ में परसीमन कराया जा रहा है। हम कांग्रेस जनों को ये ध्यान रखना पड़ेगा कि आमजन को परिसीमन से ज्यादा तकलीफ ना हो। जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र पांडेय ने कहा कि अगर परिसीमन जरूरी है तो नियम और गाइड लाइन के अनुसार हो। अगर वार्डों का परिसीमन करने योग्य है तो सभी वार्डों की जनसंख्या सामान हो वही। बिहारी देवांगन ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर जगजीत सिंह मक्कड़ जितेंद्र पाण्डे मुन्ना श्रीवास, अजय देवांगन, आवेश जान करीम कुरैशी, दिनेश देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, मो अजमत हुसैन, सत्यम ताम्रकार, जितेंद्र राज, संदीप पटेल, शैलेंद्र निर्मलकर, शैलेंद्र आहूजा, राजवीर हुरा, दुर्गेश धुरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में आज

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आज शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पालियों में आयोजित किए जा रहे है। प्रथम पाली में 29 केन्द्र, द्वितीय पाली में 32 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। प्रथम पाली में ही पीपीटी की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। शिक्षक पात्रता परीक्षा के नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर गिरीश रामटेके ने बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए जिले में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली में 29 केन्द्र बनाये गये है। द्वितीय पाली में 32 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। प्रथम पाली में 6 हजार 247 एवं द्वितीय पाली में 7 हजार 728 परीक्षार्थी परीक्षा दिलाएंगे। प्रथम पाली में ही पीपीटी की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही है जिसमें 710 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा के लिये सहायक नोडल अधिकारी प्राचार्य रामनाथ गुप्ता, जयमंगल सिंह ध्रुव, नायब तहसीलदार अंकित राजपूत को बनाए गए है।



## पेंड्रा में चंदन तस्कर सक्रिय, चोरी छिपे कर रहे पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

मरवाही के जंगलों में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई थमने का नाम नहीं ले रही है। तो वहीं अब पेंड्रा में भी चंदन तस्कर सक्रिय हो गए हैं। जो चोरी छिपे चंदन के पेड़ों की कटाई कर रहे हैं।

बीती रात जायसवाल फार्म हाउस में लगे चंदन क़े पेड़ को तस्करों ने चौकीदार क़े ना होने का फायदा उठाकर काट दिया तो वहीं आकाश ताम्रकार क़े मुख्य मार्ग में स्थित फार्म हाउस से भी चंदन का पेड़ काट दिया।औऱ लकडियों को लेकर चलते बने। दोनों मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई है। बता दें कि मरवाही वन मंडल में बेश कीमती पेड़ सागौन और साल की कटाई जोरों पर है। मरवाही वन मंडल के रुमगा, सेमरदर्री, डोंगरिया समेत कई रेंज में लगातार सागौन की कटाई चल रही है। पेड़ों की कटाई क़े मामलों को लेकर मरवाही वनमंडल डीएफओ इन मामलों में कोई भी बात करने से बचते नजर आते हैं। डीएफओ अपने कार्यालय में बहुत कम ही बैठते है, उनको मरवाही वन मंडल क़े जंगलों की हरियाली की कोई चिंता नहीं है। औऱ ना ही पेड़ों की कटाई रोकने की इनकी कोई मंशा नजर आ रही है।



## महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

**मुंगेली।** महिला की लज्जा भंग करने के आशय से आपराधिक बल का प्रयोग करने वाले आरोपी को सजा सुनाई गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी को दोषी पाए जाने पर 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। जानकारी के अनुसार 25 जनवरी 2020 को दोपहर 2 बजे पीड़िता साईकल से जा रही थी। हरदीडीह के आगे तालाब के पास मेनरोड, थाना लालपुर क्षेत्रातंर्गत आरोपी पीड़िता को रोककर उसके दोनों हाथ पकड़ने लगा। पीड़िता की लिखित शिकायत पर थाना लालपुर द्वारा अपराध दर्ज कर विवेचना कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय में मामला पेश होने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुंगेली के समक्ष प्रकरण का विचारण प्रारंभ करते हुए अभियोजन ने अपने समर्थन में पीड़िता सहित पांच गवाहों का परीक्षण कराया। आरोपी मेषराम खूंटे को धारा 354 के अपराध में सिद्धदोष पाते हुए 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।




## भारत के नए कानून पर सेमीनार का आयोजन

# नए कानून के प्रावधानों को समझाने छत्तीसगढ़ पुलिस ने शुरू की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

एक जुलाई से देश भर में लागू होने वाले नए कानून भारतीय न्याय संहिता को लेकर अब पुलिस ने लोगों के बीच जाकर इसके प्रावधानों को समझाने की पहल शुरू की है। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से पहला सेमीनार प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के पत्रकारों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

एसपी भावना गुप्ता सहित विभिन्न कानून विशेषज्ञों के द्वारा नये कानून में वर्णित प्रावधानों को विस्तार से बतलाते हुए नए कानून में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के महत्व और उपयोगिता को बतलाया। नए कानून को पीड़ितों को न्याय दिलाने वाला बतलाते हुए इसके धाराओं और अपराध के संबंध में विवेचना को भी बतलाया गया। यह भी बतलाया गया कि एक जुलाई से नए कानून के लागू होने के बाद पुराने आईपीसी कानून की धाराओं का कब और कैसे उपयोग होगा। वहीं यह भी जानकारी दी गई कि अब किसी भी अपराध के मामले में घटनास्थल कहीं भी हो शून्य के तहत और ई एफआईआर भी दर्ज कराई जा सकेगी। एसपी ने सवालों का जवाब देते हुए जिले में अन्य संस्थानों में नये कानून को लेकर आगामी दस दिनों तक इस प्रकार का जागरूकता शिविर और सेमीनार के आयोजन करते हुए नए कानून के बारे में जागरूकता लाने का काम करने की बात कही है।






### सड़क सुरक्षा सप्ताह में दी गई कानून संहिता की जानकारी

**लोरमी।** कबीर भवन में सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत कानून संहिता में नए धाराओं के विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एसडीओपी नवनीत पाटिल ने 1 जुलाई को कानून में नए धाराओं के तहत कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर डीएसपी डीके सिंह, तहसीलदार शेखर पटेल, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि शुक्ला, पार्षद उत्तम ध्रुव, सुरेश श्रीवास, सोहन डड़सेना , सालिक बंजारे, मुन्ना ध्रुव, अशोक शर्मा, प्रेस क्लब सचिव नूतन गुप्ता, कृष्णा सोनी,मनोज शर्मा, सन्दीप ठाकुर,जतीन सलुजा, प्रमोद जायसवाल, विपिन शर्मा, मयंक साहू, मनोज जायसवाल, श्रवण ध्रुव, रमेश जायसवाल, भूपेंद्र वैष्णव, कमलाकांत कश्यप आदि उपस्थित थे।

## चितावर में हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया



**तखतपुर।** चितावर में हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया साथ ही वार्ड में पंचों के माध्यम से घर घर वितरण भी कराया जा रहा है। सरकार गठन होने के बाद राशन कार्ड का अद्यतन कराया गया और फिर अपडेट हो जाने के कार्डों का हितग्रहियों को वितरण किया जा रहा है। राशन कार्ड का वितरण एपीएल और बीपीएल दोंनो तरह के हितग्राहियों को की जा रही है। सरपंच सुखदेव सिंगरौल ने कहा कि समय पर हितग्राहियों को राशन मिल सके इसलिए प्राथमिकता के तौर पर घर घर जाकर कार्ड वितरण किया जा रहा है। राशन कार्ड का वितरण पंचायत के सभी सदस्यों को भी वार्डवार दायित्व दिया गया है जो अपने वार्डों में जाकर हर हितग्राही को राशन कार्ड देंगे। वितरण में सचिव कृष्णा कौशिक, सीताराम बिरको सहित अन्य लगे हुए है।

## खबर संक्षेप

### ज्ञान स्पर्धा का पुरस्कार वितरण समारोह आज

**बिलासपुर**। बिलासा सेवा समिति द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 23 जून को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सीएमडी चौक स्थित रोटरी क्लब में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष दीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 21 हजार व प्रशस्ति पत्र, तृतीय पुरस्कार 11 हजार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। सांत्वना पुरस्कार चौथे स्थान से दसवें स्थान प्राप्त प्रतियोगी को 1000-1000 रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

### एसपी सिंह अवकाश पर अग्रवाल को प्रभार

**बिलासपुर**। एसपी रजनेश सिंह 21 जून को 8 दिन अवकाश में बाहर चले गए हैं। आईजी डा. संजीव शुक्ला ने जांजगीर जिला 11 वीं बटालियन के कमाडेंट राजेश अग्रवाल को एसपी का प्रभार दिया गया है। जानकारी के अनुसार एसपी श्री सिंह 29 जून को अवकाश से लौटेंगे।

### खड़े ट्रेलर से टकराया ट्रक, ड्राइवर की मौत

**बिलासपुर**। बीती रात ट्रेलर से ट्रक टकरा गया, जिससे ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रेलर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। हिर्री टीआई किशोर केंवट ने बताया, 21 जून की रात ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीएम, 2872 का ड्राइवर झारखंड निवासी अजीत कुमार पिता रामराज 29 साल कोरबा से एल्युमीनियम लोड कर रायपुर जा रहे थे। रात 1 बजे पेन्ड्रीडीह रतनपुर बाईपास के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर, 9396 बिना संकेत के सड़क पर खड़ा था। जिससे वह ट्रक के ड्राइवर को दिखाई नहीं दिया और ट्रक ट्रेलर से टकरा गया। हादसे में ट्रक ड्राइवर अजीत सिंह की मौत हो गई है। पुलिस ने ट्रेलर ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रेल पटरी में लेटकर व्यक्ति ने की खुदकुशी

**बिलासपुर**। पटरी कर एक व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सकरी टीआई दामोदर मिश्रा ने बताया, अमेरी सतनाम नगर निवासी दुर्गा जांगड़े पिता स्व. गोविंद जांगड़े 36 साल की मानसिक स्थिति खराब थी। शनिवार की सुबह वह घर से निकलकर उसलासपुर ओवरब्रिज के नीचे आकर बैठ गया था। इसी दौरान ट्रेन आने पर वह पटरी में जाकर लेट गया। जिससे उसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है।

### किचन में फैली आग 16 वर्षीय बच्चा झुलसा

**बिलासपुर**। किचन में फैली आग से पास के रूम में सो रहा 16 वर्षीय बच्चा झुलस गया। परिजनों ने उसे सिम्स में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार राजकिशोर नगर निवासी परवान चतुर्वेदी पिता नारायण प्रसाद चतुर्वेदी अपने घर में सोया था, इस दौरान अचानक किचन में रखे गैस सिलेंडर से आग भड़क उठी। घर की महिलाएं हड़बड़ी में बाहर चली गईं, लेकिन इस दौरान किचन के बगल के कमरे में सो रहा बच्चा बुरी तरह से झुलस गया। बच्चे के दोनों हाथ जल चुके है, परिजन ने सिम्स के बर्न यूनिट में भर्ती कराया है।

# अरपा रिवर फ्रंट में दोनों पुल के बीच एक तरफ की सड़क बनकर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अरपा उत्थान एवं तटवर्धन योजना के तहत इंदिरा सेतु से ब्रिटिशकालीन पुराने पुल तक एक तरफ 670 मीटर फोरलेन सड़क का काम पूरा हो गया है और डामरीकरण के बाद सड़क पर आवागमन भी चालू हो गया है। वहीं नदी के दूसरी ओर तथा पुराने पुल से शनिचरी रपटा तक फोरलेन सड़क का काफी काम अभी बचा हुआ है।

रिवर फ्रंट की एक तरफ दोनों पुल के बीच फोरलेन सड़क बन जाने से अरपा नदी भी अब आकर्षक लगने लगी है और रात में सड़क पर लाइट जलती है तो रिवर फ्रंट सड़क का दृश्य देखने लायक रहता है। अभी तिलक नगर चांटापारा की ओर इंदिरा सेतु से पुराने ब्रिटिशकालीन पुल तक लगभग 670 मीटर फोरलेन सड़क बनाने का काम पूरा हुआ है और सड़क पर डामरीकरण के बाद लोग उसका उपयोग आवागमन के लिए कर रहे हैं।

अरपा उत्थान एवं तटवर्धन योजना के तहत अरपा नदी के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क बनाने का काम चल रहा है। इसमें इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक नदी के दोनों किनारे फोरलेन सड़क बनाई जाएगी और बीच में पुराना ब्रिटिशकालीन पुल पड़ेगा। इसमें सरकंडा की तरफ 2.1 किमी लंबी सड़क बनाई जा रही है और शहर की ओर 1.8 किमी लंबी सड़क बनाई जाएगी। इसमें से एक तरफ सड़क का आधा पार्ट ही बन पाया है, जबकि नदी में रिटेनिंग वॉल का काम पूरा होने को है। इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक नदी किनारे दोनों तरफ काफी कुछ काम हो गया है, वहीं शनिचरी रपटा की तरफ तथा चांटीडीह की ओर अभी नदी भीतर एरिया में ही काफी काम बचा हुआ है। नदी के भीतर ही रेत, मुरूम, फ्लाईएश, ईंट आदि निर्माण सामग्री पड़ी है। चांटापारा की तरफ 670 मीटर सड़क डामरीकरण हुआ है, जबकि आगे शनिचरी रपटा की ओर लगभग 1200 मीटर से अधिक

### 670 मीटर फोरलेन का डामरीकरण, नदी के दूसरी तरफ चल रहा काम



**150 करोड़ पहुंच गई लागत**

अरपा नदी के दोनों किनारों पर इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक फोरलेन आधुनिक सड़क बनाई जा रही है। इस पूरी योजना की पहले लागत 93 करोड़ 70 लाख रुपए थी, किन्तु समय पर काम पूरा नहीं हो पाया। इसलिए बीच में दो बार ठेकेदार को एक्सटेंशन भी दिया गया, जिससे प्रोजेक्ट की लागत बढ़कर 150 करोड़ पहुंच गई है।

### नाला का भी काम बाकी

शहर के गंदे पानी को अरपा में बहने से रोकने के लिए अरपा को दूषित होने से बचाने के लिए प्रोजेक्ट के तहत नदी के दोनों ओर पेरीफेरियल नाला बनाया जा रहा है। इसमें शहर का गंदा पानी जो अब तक सीधे नदी में जाता था, उसे इस नाले के जरिए सीवरेज पंपिंग स्टेशन से दोमुहानी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाएगा।

### तेजी से चल रहा काम

अरपा नदी के किनारे दोनों तरफ फोरलेन सड़क का काम चल रहा है। अभी इंदिरा सेतु से पुराने पुल तक तिलकनगर की ओर लगभग 670 मीटर सड़क बनकर तैयार हो गई है और सड़क का डामरीकरण भी हो गया है। नदी के दूसरी तरफ का भी काफी काम हो गया है।

-सुरेश बरूआ
इंजीनियर, नगर निगम

### निगम की कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा, मेलापारा पहुंचकर कांग्रेसियों ने जताया विरोध

# चांटीडीह में दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, 100 मकान तोड़े, भूकंप-वेधशाला से हटा बेजा कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की टीम ने चांटीडीह मेलापारा से कच्चे मकानों को खाली कराने के बाद शनिवार को करीब 100 मकानों को जेसीबी से ढहा दिया, वहां रहने वाले परिवारों को दूसरी जगह आवास में शिफ्ट भी कराया गया। वहीं भूकंप वेधशाला के आवासों में शिफ्टिंग के दौरान बेजा कब्जा का मामला सामने आने पर निगम अमला ने बेजा कब्जा हटाया, जिसके चलते वहां काफी हंगामा हुआ। मेलापारा पहुंचकर कांग्रेसियों ने निगम की कार्रवाई का विरोध भी किया।

चांटीडीह मेलापारा में तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर दूसरे दिन भी बवाल मचा रहा। यहां पर कच्चे मकानों में रहने वाले लोग कल से ही अपना मकान खाली करने में लगे हुए हैं। आज भी सुबह से मकानों से सामान गाड़ियों में भरकर दूसरी जगह शिफ्ट किया जाता रहा। यहां के ज्यादतर परिवारों को नगर निगम द्वारा दूसरे जगहों पर आवास आबंटित किए जा चुके हैं, उसके बाद भी लोग यहां से कब्जा नहीं छोड़ रहे थे। कई लोगों ने दूसरों को किराए पर मकान दे दिया था। शुक्रवार को मेलापारा में करीब 80 मकानों को तोड़ा गया था, आज दूसरे दिन भी करीब 100 मकानों को जेसीबी से ढहाया गया है। निगम द्वारा यहां से लगभग 300 परिवारों को खाली कराकर दूसरी जगह आवासों में शिफ्टिंग कराया गया है। आज भी कार्रवाई के दौरान नगर निगम के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मेलापारा में तैनात रहा। आज कार्रवाई के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर बरसात में बेदखली की कार्रवाई को लेकर विरोध जताया, जिसके चलते वहां पर हंगामा मचा रहा।



शनिवार को चांटीडीह में फिर तोड़फोड़ की कार्रवाई गई। निगम के अमले ने बुलडोजर से 100 मकान ढहा दिए।

### भूकंप वेधशाला के मकानों से हटा बेजा कब्जा

चांटीडीह मेलापारा से जिन लोगों के कच्चे मकानों को तोड़ा जा रहा है, उनमें से ज्यादतर परिवारों को अशोकनगर स्थित आवास में शिफ्ट कराया जा रहा है। वहीं कई परिवारों को भूकंप वेधशाला स्थित आईएचएसडीपी के आवास आबंटित किए गए हैं। आज जब वास्तविक आबंटित परिवारों को वहां शिफ्ट कराने भेजा गया था तो उनके आवास में दूसरे लोगों द्वारा अवैध रूप से बेजा कब्जा पाया गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद निगम का अमला भूकंप वेधशाला पहुंचा और से बेजा कब्जा खाली कराया, जिसके चलते वहां पर भी काफी देर तक विवाद, हंगामा मचा रहा।

### पूर्व विधायक शैलेष व विजय ने किया विरोध

#### शैलेष ने शिफ्टिंग पर उठाए सवाल

पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने निगम के अफसरों से पूछा कि पहले जिन गरीबों की झोपड़ी तोड़ी गई थी, उनको सर्वसुविधायुक्त मकान देने का वायदा किया गया था। आज तक वहां सुविधाएं मुहैया नहीं कराई जा रही है। लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। कहां है सुशासन?



#### जहां मकान मिला, वहां सुविधा ही नहीं

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय ने कहा कि जिन जगहों पर गरीबों को मकान आवंटित किया गया है वहां एक साल बाद भी लोगों को सुविधा नहीं दी जा रही है। एक परिवार में तीन से चार सदस्य हैं,निगम एक ही मकान आवंटित कर रहा है। बाकी परिवार के सदस्य कहां जाएंगे। इस बरसात में सामान कहां रखेंगे और कहां घर बनाएंगे।

### लोग स्वयं खाली कर रहे मकान

चांटीडीह मेलापारा में कच्चे मकान बनाकर रहने वाले लोगों को पहले से दूसरी जगह आवास आबंटित हो चुके हैं, उन्हें उन आवासों में शिफ्ट कराया जा रहा है, उसके बाद ही खाली मकानों को तोड़ा जा रहा है। दूसरे दिन भी शिफ्टिंग चलती रही और लोग स्वयं से मकान खाली करके भी जा रहे हैं।

-खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त, नगर

# 6 माह में चाकू, तलवार, कट्टा रखकर अशांति फैलाने वाले 121 बदमाश भेजे गए जेल

**बिलासपुर**। बीते 6 माह में पुलिस ने जिले में चाकू, तलवार, कट्टा रखकर अशांति फैलाने वालों पर शिकंजा कसते हुए 121 बदमाशों व असामाजिक तत्वों को जेल भेजा है। पुलिस के लगातार कार्रवाई के बाद भी बदमाश नशे में चाकूबाजी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव के पहले जिले में बढ़ती चाकूबाजी की वारदात ने राजनैतिक रूप ले लिया था। चुनाव संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने इस पर अंकुश लगाने पूरी ताकत झोंक दी। चाकू, तलवार व धारदार हथियार रखकर गुंडागर्दी करने वालों पर बदमाश व असामाजिक तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। पुलिस विभाग से मिले आंकड़े के अनुसार, 2024 में जनवरी से 22 जून तक पुलिस ने तलवार, चाकू, धारदार हथियार व कट्टा पिस्टल रखकर जिले में अशांति फैलाने वाले 121 बदमाशों व असामाजिक तत्वों को पकड़कर उनके खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर जेल भेजा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार 2024 में गुंडे बदमाशों के खिलाफ सर्वाधिक आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### सोशल मीडिया पर रखी जा रही नजर

पूर्व में शहर में ग्रुप बनाकर गुंडागर्दी करने वाले बदमाश तलवार, चाकू, पिस्टल रखकर फोटो अपलोड कर रहे थे। पुलिस इसे गंभीरता से लेते हुए सोशल मीडिया विशेष नजर रख रही है। अवैध हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई कर सीधे जेल भेज रही है।

### 10 बदमाशों को किया गया था जिलाबदर

लोकसभा चुनाव के पहले एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर शहर व ग्रामीण इलाकों में लगातार गुंडागर्दी कर अशांति फैलाने वाले 44 बदमाशों को जिलाबदर करने प्रस्ताव बनाकर कलेक्टोरेट में पेश किया गया था। इसमें से 10 बदमाशों को जिलाबदर किया गया था। अन्य बदमाशों की वर्तमान में पेशी चल रही है। इसी तरह करीब 65 नए बदमाशों को गुंडा लिस्ट में शामिल किया गया था।

### 121 बदमाशों को भेजा गया जेल

वर्ष 2024 में जनवरी से 22 जून तक जिले में तलवार, चाकू, पिस्टल, कट्टा रखकर अशांति फैलाने वाले 121 बदमाशों को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के मामले में जेल भेजा गया है। अवैध हथियार रखने वालों पर विशेष नजर रखकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**-उमेश कश्यप**, एडीशनल एसपी

# खूंटाघाट से भटककर मगरमच्छ पहुंचा रतनपुर

### एक बकरे को बनाया शिकार, पुलिस और वन विभाग के जवानों ने किया रेस्क्यू, वापस डेम में छोड़ा

**बिलासपुर**। बीती रात रतनपुर की घनी बस्ती में मगरमच्छ को देख आसपास के लोग सकते में आ गए। थाने के ठीक पीछे स्थित तालाब से एक मगरमच्छ बस्ती के करीब पहुंच गया और जिंदा बकरे को उसने अपना शिकार बना लिया। थाने के दो आरक्षकों ने बारिश में भीगते हुए मगरमच्छ को काबू में करने का तरीका निकाला और वन विभाग के अमले के पहुंचने से पहले ही पकड़ लिया, इसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों की सहायता से मगरमच्छ को दोबारा खूंटाघाट जलाशय में छोड़ा गया है।

गुरूवार की रात करीब 11 बजे झमाझम बारिश के बीच रतनपुर थाने के बगल गांधी नगर मोहल्ले में एक विशालकाय मगरमच्छ देखा गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मगरमच्छ ने पहले एक घर में बंधे बकरा पर हमला किया और उसे खा गया। पेट भरने के बाद उसे चलने में दिक्कत होती रही,इस दौरान वह रोड के किनारे एक नाली पर जा बैठा। रतनपुर थाने को सूचना दी गई, जिसके बाद आरक्षक दीपक मेरावी और महादेव कुजूर ने जैसे तैसे मगरच्छ पर काबू पा लिया, वन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। कुछ ही देर बाद वन विभाग के वन विभाग का अमला भी मौके पर पहुंचा और सुबह 4बजे तक रेस्क्यू कर मगरमच्छ को सुरक्षित खूंटाघाट जलाशय में छोड़ दिया।

### अन्य तालाबों में भी होने की आशंका

रतनपुर थाने के ठीक पीछे कृष्णा-अर्जुनी तालाब है, इसके साथ ही भीष्मा तालाब स्थित है। मगरमच्छ कृष्णा अर्जुनी तालाब से बस्ती में घुसा होगा। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पूर्व भीष्मा तालाब में वन विभाग के अमले ने दो छोटे मगरमच्छों को पकड़ा था। मगरमच्छ के बस्ती में आने के बाद कई तरह अटकलें लगाई जा रही हैं, जानकारों के मुताबिक रतनपुर के तालाब काफी पुराने है, और अपनी अलग मान्यता रखते हैं। आसपास के लोगों का कहना है कि अन्य तालाबों में भी मगरच्छ है, इसकी तस्दीक की जानी चाहिए।

# नशीली दवा बेचने वाले तस्कर को 15 साल कैद, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट ने नशीली दवा बेचने वाले तस्कर को 15 साल कैद व डेढ़ लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

24 मार्च 2023 को सिविल लाइन थाना के एएसआई दिलाराम मनहर को मुखबिर से सूचना मिली कि रायपुर की ओर से सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 04 एचएल, 2412 में एक व्यक्ति प्रतिबंधित कफ सिरप लेकर बेचने के लिए राजीव गांधी चौक की ओर आ रहा है। पुलिस ने राजीव गांधी चौक के पास जरहाभाठा ओमनगर निवासी विशाल सिंह ठाकुर पिता सुखदेव सिंह ठाकुर 19 साल को पकड़ लिया।

गाड़ी की तलाशी लेने पर 50 नग प्रतिबंधित कफ सिरप मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार सहित कफ सिरप जब्त कर युवक को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी विशाल सिंह ठाकुर को एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 साल कैद व डेढ़ लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

शासन की ओर से लोक अभियोजक घनश्याम प्रसाद चतुर्थी ने पैरवी की है। एक सप्ताह के भीतर नशीली दवा बेचने वाले जरहाभाठा मिनीस्ती के चर्चित 5 तस्करों को सजा सुनाई गई है।

# कर्मचारी मेंटनेंस के नाम पर सिर्फ पेड़ों की कर रहे छंटाई

**बिलासपुर**। विद्युत विभाग इन दिनों मेंटनेंस के नाम पर सिर्फ पेड़ों की छंटाई कर रहा है। कर्मचारी पेड़ों की डंगाल काटकर सड़क पर ही छोड़ दे रहे हैं। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को परेशानी होती है, वहीं हादसे का डर भी बना रहता है।

शनिवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिलासा गर्ल्स कॉलेज के पास पेड़ों की छंटाई की। इस दौरान क्षेत्र की बिजली बंद रही। विभाग के कर्मचारी पेड़ों की छंटाई कर बिजली के तारों को अलग किया। इसके बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। शहर में बिजली बंद की समस्या आम हो गई है। विभाग मेंटनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखता है हल्की हवा में भी बिजली गुल हो जाती है। इसके अलावा फ्यूज कॉल आफिस में शिकायत सुनने वाला भी कोई नहीं रहता। अधितकर समय फोन बिजी रहता है । फोन उठाने पर हर बार स्टाफ की कमी का रोना रोया जाता है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा ● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411